हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 106, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 14 अक्टूबर, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## 'संघर्ष की वजह से दुनिया संकटों से जूझ रही यह किसी के हित में नहीं' : प्रधानमंत्री मोदी

### दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है। पीएम मोदी ने इस्राइल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें वैश्विक विश्वास के संकट को दमर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंदी और उनको खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। 2019 का आम चुनाव मनाव इतिहास की सबसे बड़ी मानव कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सम्मेलन (पी20) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

## मुख्यमंत्री योगी और स्मृति ईरानी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, कई विकास परियोजनाओं की दी सौगात

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सौजन्य से कराई गई सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी और स्मृति ईरानी ने सम्मानित किया। साथ ही 613 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दिया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बृहस्पतिवार को ही जिले में पहुंच गई थी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने खेलकूद प्रतियोगिता शुरू कराई थी। प्रतियोगिता में एक लाख 56 हजार खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। न्याय पंचायत, ब्लॉक, विधानसभा के बाद अब लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में अव्वल आए खिलाड़ियों को शुक्रवार को सम्मानित किया। इसके लिए गौरीगंज के कौहार मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद मनोज तिवारी बतौर मुख्य अतिथि रहे। साथ ही प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक सुरेश पासी, अशोक कुमार, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह व गोविंद नारायण शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बुलाए गए हैं।

## जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकलविहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे। अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे।

## उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने नाम के आगे लिखा सर्वेंट, सपा ने किया पलटवार




लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपने नाम के आगे सर्वेंट लिखा। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पाठक को सर्वेंट डिप्टी चीफ मिनिस्टर कहे जाने के बाद उन्होंने कदम उठाया है। ब्रजेश पाठक का कहना है कि जनता का नौकर होना गर्व की बात है। गौरतलब है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को मीडिया को दिए बयान में ब्रजेश पाठक को सर्वेंट डिप्टी सीएम करार दिया था। इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनता का नौकर बताने के लिए अखिलेश का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश को आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है, सिर्फ कोरी बयानबाजी करना जानते हैं। कहा कि, अखिलेश तो राज परिवार से हैं, उनके पिता कई बार मुख्यमंत्री रहे, वे स्वयं भी सीएम रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम को सीएम योगी काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक वाकई में जनता के सेवक हैं तो उन्हें जनता की सच्चे अर्थों में सेवा करनी चाहिए। अस्पतालों की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी देखा जाए कि डिप्टी सीएम अपना ट्विटर हैंडल खुद चलते हैं या कोई और चलाता है। उधर, ब्रजेश पाठक के द्वारा अपने ट्विटर हैंडल पर खुद को सर्वेंट ब्रजेश पाठक कहे जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि सिर्फ सर्वेंट लगाने से कुछ नहीं होता है। अस्पतालों की हालत बेहद खराब है। अगर वह सर्वेंट होते तो अस्पतालों की हालत ठीक होती। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर उन्होंने जनता के लिए काम किया होता तो प्रदेश की जनता कोई इलाज के लिए दर दर न भटकना पड़ता। वहीं ब्रजेश पाठक के द्वारा अखिलेश यादव को राजा बोले जाने पर उन्होंने कहा ये लोकतंत्र नहीं हैं यहां राजा कोई नहीं होता हैं।

## इस्राइल से 212 भारतीयों को लेकर पहला विमान पहुंचा दिल्ली, लोगों ने भारत सरकार का किया धन्यवाद

यरुशलेम। इस्राइल में फंसे भारतीयों का पहला जत्था विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंच गया है। पहले जत्थे में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को मिलाकार कुल 212 लोग भारत पहुंचे हैं। लोगों ने दिल्ली पहुंचते ही भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उनका कहना है कि हम अब अपने देश में हैं, बहुत खुशी हो रही है। बता दें, हमास ने शनिवार सुबह इस्राइल पर हमला किया था, जिसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। हमले में दोनों पक्षों के करीब 2500 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच इस्राइल में फंसे भारतीयों को वापस भारत लाने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया है। इस्राइल से भारत के लिए उड़ान भरने से पहले भारतीय छात्र विशेष ने कहा था कि मैं भारत जा रहा हूं।



बहुत खुश हूं। यहां सब कुछ बहुत डरावना हो चुका है। हम घर जाने वाले हैं। हमें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए भारत सरकार का धन्यवाद। इसके अलावा, तेल अवीव विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हर्ष ने कहा था कि अब राहत मिल रही है। हमें खुशी है कि मोदी सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया, जिसके माध्यम से हम अपने घर पहुंच सकेंगे। सरकार सहायता कर रही है। माता-पिता यहां की स्थिति के कारण अधिक चिंतित थे। हालांकि, अब मुझे घर देखकर वह बहुत खुश होंगे।

## रामपुर कारतूस कांडः सभी दोषियों को दस-दस साल की कैद जुर्माना भी करना होगा अदा, 13 साल बाद आया फैसला



रामपुर। रामपुर के चर्चित कारतूस कांड की 13 साल की सुनवाई और नौ गवाहों की गवाही के बाद आखिरकार 24 दोषियों को दस-दस साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि सभी आरोपियों पर सजा समान रुप से चलेगी। सीआरपीएफ हवलदार विनोद कुमार और वीनेश कुमार को आर्म्स एक्ट में सात सात-साल की सजा और दस-दस हजार की सजा सुनाई गई है। इससे पहले कोर्ट ने बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों को दोषी करार दे दिया था। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। शुक्रवार दोपहर बाद सभी को जेल से कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद कोर्ट में सुनवाई के बाद उन्हें सजा सुनाई गई। उन पर सरकारी धन को नुकसान पहुंचाने, चोरी की संपत्ति को कब्जे में रखने, आपराधिक षड्यंत्र रचने के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत केस चला। एसटीएफ को दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में सीआरपीएफ के जवानों के शहीद होने के बाद खुफिया जानकारी मिली थी कि हमले में इस्तेमाल की गईं कारतूस रामपुर से भेजी गई थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ लखनऊ की टीम ने रामपुर में 29 अप्रैल 2010 को छापेमारी की थी। एसटीएफ ने राम रहीम पुल के पास से प्रयागराज निवासी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन, सीआरपीएफ के हवलदार विनोद कुमार व विनेश को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 1.75 लाख की नकदी, खोखा, कारतूस व हथियारों का जखीरा बरामद किया था। इसी दिन मुरादाबाद से पीटीसी में तैनात नाथीराम सैनी को भी गिरफ्तार किया था।

## 'आप' सांसद संजय सिंह को कोर्ट से झटका 27 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने 27 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। वहीं, संजय सिंह ने दिल्ली अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई रिमांड को भी चुनौती दी है। उधर, ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब नीति को तैयार और लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका उद्देश्य कथित तौर पर कुछ शराब निमार्ताओं, थोक और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाना था। राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उनके आवास पर केंद्रीय एजेंसी की तलाशी के बाद 4 अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। उनकी रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की।

## भाजपा इस्राइल के झंडे लगा रही है, लेकिन महंगाई पर बात नहीं करती : अखिलेश यादव

लखनऊ। निषाद कश्यप समाज की बैठक में अखिलेश यादव ने इस्राइल के मुद्दे पर कहा कि समाजवादी किसी भी तरह के युद्ध के खिलाफ हैं। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। यह हमारी बहुत पुरानी नीति है। अखिलेश यादव ने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम को सीएम काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा अगर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक वाकई जनता के सेवक हैं तो उन्हें जनता की सच्चे अर्थों में सेवा करनी चाहिए। अस्पतालों की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा यह भी देखा जाए कि डिप्टी सीएम अपना ट्विटर हैंडल खुद चलते हैं या कोई और चलाता है। अखिलेश ने कहा कि 2024 आते-आते भाजपा भी जातिगत जनगणना की मांग करेगी। देवरिया की घटना पर देर से कर्रवाई की। अगर मुख्यमंत्री पहले से सतर्क रहते तो यह घटना ही न होती। भाजपा सरकार ही जमीन विवादों के लिए जिम्मेदार है। दोनो डिप्टी सीएम अपराधी को बचाने में लगे है। अब समीक्षा की क्या जरूरत है। अब जनता छह साल की समीक्षा करेगी। 24 घण्टे बिजली नहीं, लेकिन सांड 24 घण्टे घूम रहे हैं। सरकार सड़ा आलू खरीद ले किसानों को लाभ मिलेगा। बीजीपी का पदार्फाश होगा। क्या डिप्टी सीएम गवर्नमेंट सर्वेंट नहीं है, वह सही मायनों में जनता की सेवा करें। मुख्यमंत्री दोनों डिप्टी सीएम को काम नहीं करने दे रहे। यही उनका दुःख है। इस्राइल के मुद्दे पर अखिलेश ने कहा हम लोग वॉर के पक्ष में नहीं है। अन्याय कोई भी करे गलत है। भाजपा इस्राइल के झंडे लगा रही है, लेकिन महंगाई पर बात नहीं करती। उधर, बैठक में फूलन देवी की बहन रुक्मणी देवी ने संजय निषाद पर तमाम आरोप लगाते हुए कहा कि निषाद समाज का भला करने के नाम पर संजय निषाद ने समाज की महिलाओं की पायल तक बेच डाली। उन्होंने कहा कि केवट समाज का अगर किसी ने सम्मान किया है तो मुलायम सिंह यादव ने किया है। फूलन देवी को अगर सम्मान दिलाया है तो मुलायम सिंह यादव ने दिलाया है। उन्होंने कहा कि संजय निषाद ने समाज के नाम पर सिर्फ समाज के लोगों को लूटने का काम किया है। समाज के दम पर पार्टी बनाई और पत्नी, बेटे और खुद का भला किया। संजय निषाद भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली के तौर पर काम कर रहे हैं। संजय निषाद समाज का भला नहीं करना चाहते हैं।



## सितंबर महीने में देश के आयात और निर्यात में आई कमी, व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर हुआ



नई दिल्ली। देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रह गया, पिछले साल इसी महीने में यह 35.39 अरब डॉलर था। शुक्रवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। इस दौरान आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रह गया, जो सितंबर 2022 में 63.37 अरब डॉलर था।

सितंबर महीने में महीने में देश का व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान देश का निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा। छह महीने की अवधि के दौरान आयात 12.23 प्रतिशत घटकर 326.98 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, "भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत चल रही है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं।" सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिला श्रम बल की भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2018-19 में 24.5 प्रतिशत हो गई; 2019-20 में 30 प्रतिशत से 2020-21 में 32.5 प्रतिशत और 2021-22 में 32.8 प्रतिशत से 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा, "सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा नौ अक्टूबर, 2022 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 से पता चलता है कि श्रम बल भागीदारी को मापने की सामान्य स्थिति की अवधारणा के अनुसार देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है।"

## संपादकीय

### बरेली की घटना से यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटनाएं अब जैसे सामान्य बात हो चली है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, मगर मनचलों और आपराधिक वृत्ति के लोगों पर ठीक से नकेल न कसी जाने की वजह से इन घटनाओं पर रोक लगाना भी कठिन बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के बरेली में हुई घटना ऐसे ही बेलगाम बदमाशों के आतंक का उदाहरण है। एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौट रही थी। रास्ते में एक मनचले ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। लड़की ने विरोध किया तो लड़के ने उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से बच्ची का एक हाथ और दोनों पैर कट गए। यह घटना उस उत्तर प्रदेश की है, जहां की पुलिस दम भरते नहीं थकती कि उसने अपराधियों का मनोबल तोड़ दिया है। शोहदे घरों में दुबक गए हैं और महिलाएं आधी रात को भी सुरक्षित सड़कों पर घूमने लगी हैं। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराधियों पर अंकुश लगाने के राज्य सरकार के दावे की पोल खोलती है। आखिर कोई कैसे इतनी हिम्मत कर पाता है कि दिनदहाड़े राह चलती महिला उसकी बात नहीं मानेगी, तो वह उसकी जान लेने पर उतारू हो जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए अपराधी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने का आदेश दिया है। उस इलाके में पुलिस को चौकस कर दिया गया है। कहा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर नकेल कसने के प्रयासों में तेजी आई है और महिलाओं तथा बच्चियों के खिलाफ अपराध के मामले सुलझाने, उनकी प्राथमिकी दर्ज करने का स्तर सुधरा है, मगर यह भी सच है कि महिलाओं के साथ आए दिन ऐसे अपराध हो रहे हैं, जो उन्हें घरों से बाहर निकलने से पहले सोचने पर मजबूर कर देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पुलिस सरकारी दिशा-निर्देशों का उचित तरीके से पालन नहीं करती। ऐसा बरेली की इस घटना में भी दिखा। पीड़ित किशोरी के पिता स्थानीय थाने में पहले शिकायत कर चुके थे कि कुछ युवक उनकी बेटी को ट्यूशन के रास्ते में परेशान करते हैं। मगर कार्रवाई तो छोड़िए, पुलिस ने उस शिकायत पर ध्यान भी नहीं दिया। अगर समय रहते पुलिस सक्रिय हो जाती, तो पीड़ित बच्ची की जान खतरे में न पड़ती। पुलिस का यह हाल तब है जब मुख्यमंत्री स्वयं महिला अपराधों को लेकर लगातार निगरानी करते हैं। मुख्य सचिव स्तर पर हर माह समीक्षा बैठकें होती हैं और डीजीपी अपने मातहतों को समय-समय पर ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने की हिदायत जारी करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़े बताते हैं कि उसके एंटी रोमियो दल ने बीते एक साल में साढ़े छह हजार ऐसे लड़कों के खिलाफ कार्रवाई की है, जो राह चलती महिलाओं को छेड़ते, उन पर फब्तियां कसते हैं। महिला पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं, पुलिसबल में महिला कर्मियों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ी है, मगर स्थानीय स्तर पर पुलिस की संवेदनहीनता का क्या किया जाए! सच है कि पुलिस हर जगह मौजूद नहीं रह सकती, लेकिन अपराधी के मन में कानून का खौफ तो होना ही चाहिए। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध की हर घटना के बाद सरकारें तमाम एहतियाती कदम उठाने का दम भरती हैं, लेकिन कुछ समय बाद एक और ऐसी जघन्य वारदात होती है कि रूह कांप जाए। इस मामले में कमजोर कड़ियों को तलाशने की जरूरत है।

### बदला बदला रुप है!



बदल गए अचानक ।
ज्ञान रहे हैं बांट ।।
बदला बदला रुप है ।
बंद हो गई ठाट ?
लगते कभी कूदने ।
और कभी खामोश ।।
है किसकी रणनीति ?
कहें किसका दोष ।।
ये कैसा व्यवहार ।
करने को उद्धार ।।
लगता चल कर इसी राह ।
है आनी बहार ?
किया कभी अपमान ।
कभी करते प्यार ।।
कर सकते प्रवेश ।
शायद नए द्वार ।।
–कृष्णोन्द्र राय

# आम चुनाव में क्या भाजपा के हिन्दुत्व पर भारी पड़ेगा विपक्ष का मण्डल पार्ट-2

**अजय कुमार**

भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में हिन्दुत्व के घोड़े पर सवार होकर विजय पताका फहराने का सपना पाले हुए है। यह वही हिन्दुत्व है जिसको बीजेपी और आरएसएस ने 80-90 के दशक में अयोध्या में हिन्दुओं के कण-कण में विराजमान प्रभु श्री राम लला के मंदिर निर्माण की सौगंध खाकर कांग्रेस के खिलाफ ह्यधारह्ल दी थी। तब से आज तक हिन्दुत्व के सहारे बीजेपी का विस्तार होता गया और कांग्रेस सिकुड़ती गई। कांग्रेस की कमी को पूरा करने के लिए कई क्षेत्रीय क्षत्रपों ने विभिन्न राज्यों में अपना राजनैतिक विस्तार कर लिया। इसमें बिहार में लालू यादव-नीतीश कुमार, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह-मायावती जैसे पिछड़े और दलित नेताओं का उभार हुआ। इन्होंने कुछ वर्षों में ही बीजेपी की हिन्दुत्व वाली राजनीति की हवा निकाल कर रख दी। कोई पिछड़ों और मुसलमान वोट बैंक के तो कोई दलित-मुस्लिम वोट बैंक के सहारे सत्ता की सीढ़ियां चढ़ा। यह सब अपने-अपने राज्यों में मुख्यमंत्री तक बने। ऐसा इसलिए हुआ था क्योंकि 1992 में कथित बाबरी मस्जिद ढांचा विध्वंस के बाद हिन्दुत्व की राजनीति हाशिये पर जाना शुरू हो गई थी, वहीं अगड़े-पिछड़ों-दलित और मुसलमान वोट बैंक की राजनीति आगे बढ़ना शुरू हो गई थी।

जातिवाद के नाम पर लोग अलग-अलग दलों के लिए वोट करने लगे थे। पिछड़े मुलायम के साथ चले गए और दलित मायावती के साथ हो लिए। भाजपा मात्र अगड़ों की पार्टी बनकर रह गई, जिनकी समाज में भागीदारी काफी कम थी। भाजपा और कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थीं, लेकिन कांग्रेस का उतना बुरा हाल नहीं था, जितना बीजेपी का हो रहा था। इसीलिए कांग्रेस 2014 तक केन्द्र की सत्ता में रही या इर्दगिर्द घूमती रही। यह सिलसिला 2014 में केन्द्र की राजनीति में मोदी युग की शुरूआत के साथ थम गया। मोदी का सिक्का ऐसा चला कि जातीय राजनीति और उसके पुरोधा दोनों हाशिये पर चले गए, लेकिन जातिवादी राजनीति करने वाले कहीं न कहीं अपने दिल में यह मंसूबा जरूर पाले रहे कि एक न एक दिन उनकी जातिवादी हांडी फिर राजनीति के चूल्हें पर चढ़ेगी। इसीलिए इसके प्रयास भी होते रहे। इसके लिए गैर बीजेपी दलों ने जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग को हवा देना शुरू कर दिया, इसमें सबसे खास बात यह रही कि जिस कांग्रेस के पुराने दिग्गज नेता और स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी जातिवादी जनगणना को देश के लिए खतरा बताते थे, उसी खतरे को राहुल गांधी ने कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने का हथियार बना लिया है। कौन सही था, कौन गलत यह तो समय बतायेगा, परंतु अगले वर्ष होने वाले लोकसभा में जिस तरह से विपक्ष को लग रहा है कि वह जातिगत जनगणना की सियासत के सहारे बीजेपी को पटकनी दे देगा, वह एक घातक सोच है, भले ही इससे इंडिया गठबंधन को सत्ता हासिल हो जाये, मगर देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। जिस तरह से जातिगत जनगणना की आड़ में कुछ लोग




सनातन धर्म को शर्मसार कर रहे हैं, वह इसकी बानगी भर है। यह सच हो सकता है कि सनातन धर्म में ऊंच-नीच का भेदभाव दिखाई देता हो, लेकिन यह सनातन धर्म नहीं, हिन्दू समाज की कमी है। वर्ना उन धर्मों से तो सनातन धर्म काफी सही है जहां धर्म की आड़ में खून की होली खेली जाती है। आतंकवाद को पालापोसा जाता है, लेकिन वोट बैंक की सियासत के चलते इस पर कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं होता है।

बेहद शर्मनाक है कि जहां भाजपा अपने सबसे बड़े और धारदार सियासी हथियार हिंदुत्व को फिर से आजमा कर कमंडल राजनीति को गरम करने में लगी है, तो वहीं उसकी काट के लिए सामाजिक न्याय के योद्धा राजद, जद (यू) और समाजवादी पार्टी हिंदू ध्रुवीकरण की काट के लिए जातीय जनगणना और रामचरित मानस विवाद के जरिए पिछड़ों के ध्रुवीकरण की मंडल राजनीति का दांव खेलने में जुट गए हैं। बात बीजेपी की कि जाए तो दरअसल भारतीय जनता पार्टी और पूरा संघ परिवार दोहरी रणनीति पर काम कर रहा है। एक सरकार और पार्टी की खुली और अधिकारिक रणनीति और दूसरी गैर पार्टी संगठनों यानी संघ परिवार के आनुषांगिक संगठनों के जरिए छुपी हुई समानांतर रणनीति। इसके तहत संघ परिवार से जुड़े विभिन्न गैर भाजपा संगठनों द्वारा लगातार हिंदुत्व और हिंदू ध्रुवीकरण के मुद्दे को गरम करते हुए संघ परिवार की कमंडल राजनीति को आगे बढ़ाते रहना होगा। इसीलिए एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके मंत्री और भाजपा, केंद्र सरकार के पिछले करीब दस साल के कामकाज व उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार प्रसार करके जनता को बताएंगे कि किस तरह भारत की असली विकास यात्रा 2014 से शुरू हुई है।

दूसरी रणनीति के तहत जनवरी 2024 तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरा होने का अतिशय प्रचार, गोवध और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर लगातार माहौल गरम रखना, कुछ साधू संतों के द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का आह्वान और विहिप, बजरंग दल जैसे संगठनों और भाजपा के भी हिंदुत्ववादी सांसदों, नेताओं द्वारा इसका समर्थन करते हुए हिंदुओं में यह संदेश देना कि जिस तरह 2014 के बाद से लगातार केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारों ने लगातार हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाया है, तीन तलाक, अनुच्छेद 370 जैसे मुद्दों को हल किया है, उसी तरह अगर भारत को हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए हिंदू राष्ट्र बनाने की तरफ आगे ले जाना है तो 2024 में भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार को और भी ज्यादा बड़े बहुमत से जिताने की जरूरत है। उधर, कांग्रेस ने कर्नाटक में मिली जीत से उत्साहित होकर कमंडल और मंडल से इतर भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ मुद्दों का एक बंडल तैयार किया है, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, छोटे उद्योगों, मझोले व्यापार और दुकानदारों की तकलीफ, मजदूरों की रोजमर्रा की दिक्कतों और सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना और कार्पोरेट भ्रष्टाचार के जरिए अमीर गरीब की गहराती खाई जैसे मुद्दे शामिल हैं। अब देखना यह है कि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा।

# इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध से मानवता पर बढ़ गया है खतरा

**ललित गर्ग**

रूस और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है कि इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगीह्लह्ल आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे।

हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि ह्यहमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगेह्ल इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर ह्यहमासह्ल के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे ह्यआप्रेशन आयरन स्वोड्र्सह्ल नाम दिया है तथा गाजा पट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजा पट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है। विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके।

अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनिया को लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसा की ओर धकेलने वालों से सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा? सबसे पहले धर्मगुरुओं से और उसके बाद राजनीतिक आकाओं से यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंक की मानसिकता से किसका भला हो रहा है? निर्दोषों की हत्याएं भला कैसे जायज हैं? अगर ऐसी हत्याएं जायज हैं, तो फिर मजहबों के मानवीय एवं शांतिप्रिय होने का बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बनने का स्वांग रचता है। दुनिया में छोटी-छोटी बातों पर लोगों के दिल आहत हो जाते हैं, पर हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओं की मौत से कौन आहत हुआ है? कहां है मानवता? कहां है विश्वशांति का स्वप्न? निश्चित ही हिंसा की धरती पर शांति की पौध नहीं उगायी जा सकती।

लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है? बात हर तरफ विनाश की है। युद्ध एवं आतंक करने वाले और उनको प्रोत्साहन देने किसी को भी आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सका हो। जब तक आतंक एवं युद्ध की मानसिकता वाले राष्ट्रों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में भले ही बन्द हो जाये, दिमागों में बन्द नहीं होती। इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे, आतंक एवं हिंसक मानसिकता पर लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

इस हिंसक, आतंकी एवं युद्ध के दौर का दुखद पहलू है कि पुतिन का नया रूस भी यूक्रेन को निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओं को नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसी के कल्याण की चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदले की भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है। निर्ममता एवं बर्बरता की पराकाष्ठा कर रहे आतंकियों की जगह मलबे में ही है, पर उन मासूम बच्चों, औरतों और आदमियों का क्या दोष, जो कहीं से भी आतंकी नहीं हैं, मगर निशाना बन रहे हैं? क्या मानव सभ्यता में आतंकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई दोषी और निर्दोष के बीच भेद किये बिना सफल हो सकती है। यह दुनिया की एक बड़ी आबादी को हर समय विनाश की संभावनाओं पर कायम रखने जैसा है।

# भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है

**प्रह्लाद सबनानी**

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी।

इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान



जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्मार्ट फोन उत्पादन, फार्मा, टेक्सटाइल, सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है। भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए भारत में बेरोजगारी की दर जुलाई 2022 से जून 2023 के खंडकाल के दौरान छह वर्ष के निचले स्तर अर्थात 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। एनएसएसओ के अनुसार, एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-जून 2023 में साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी बढ़कर 48.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो एक वर्ष पहले 47.5 प्रतिशत थी। हर्ष का विषय यह भी है कि अब भारत में औपचारिक रोजगार की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक तेज गति से बढ़ रही है। औपचारिक रोजगार में कर्मचारियों को सरकारी नियमों के अंतर्गत समस्त प्रकार की सुविधाएं (प्रॉविडेंट फंड, पेंशन, मेडिकल सुविधा, आदि) नियोक्ताओं द्वारा प्रदान की जाती हैं। जबकि अनौपचारिक रोजगार की श्रेणी के कर्मचारियों को केवल मजदूरी अथवा वेतन ही प्रदान किया जाता है। इस प्रकार भारत में अब कर्मचारियों एवं मजदूरों की औसत आय में वृद्धि भी दृष्टिगोचर है। भारत में अब तो त्यौहारी मौसम भी प्रारम्भ होने जा रहा है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, क्रिसमस दिवस, नव वर्ष, महाशिवरात्रि, होली, आदि जैसे बड़े त्यौहार आने वाले हैं, जिन्हें भारत के नागरिक बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं एवं इन त्यौहारों का भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी योगदान रहता है। साथ ही, भारत में अब धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है, जिससे निश्चित ही भारत के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। अतः वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास के अनुमान के संदर्भ में जारी किये जा रहे संशोधित अनुमान निश्चित ही सही साबित होंगे।

# एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में पचदेउरा में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। ग्राम पंचायत पचदेउरा के पंचायत भवन में सहायक विकास अधिकारी मैनुद्दीन सिद्दीकी की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने फरियाद लगायी। जिनकी समस्याओं त्वरित निस्तारित करने के लिए संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिये गए। आपको बता दे की संतकबीरनगर जिले के सबसे बड़े विकास खण्ड सेमरियावा के ग्राम पंचायत पचदेऊरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में सहायक विकास अधिकारी मैनुद्दीन सिद्दीकी के समक्ष गांव के ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास योजना, में आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए निदान की बात रखी। ग्रामीण रहमतुल्ला ने पीच रोड से अब्दुल रहमान के घर तक जल्द से जल्द इंटरलाकिंग निर्माण की मांग की।



चंद्र कला , शांति देवी ने शौचालय की मांग की। वहीं पूनम देवी और विद्या देवी ने राशन कार्ड में नाम अंकित करने की मांग की। वहीं कुछ ग्रामीणों ने शौचालय को लेकर अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया । ग्राम चौपाल के आयोजन में पचदेवरा गांव के ग्रामीणों ने जाम बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी अपनी समस्याओं से ब्लॉक से चलकर आए हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से अवगत कराया सहायक विकास अधिकारी मैनुद्दीन सिद्दीकी के समस्याओं के निस्तारण करने का अंदाज ग्रामीणों को खूब भाया। विकासखंड सिमरियावा के ग्राम पंचायत पचदेवरा में ग्राम चौपाल के दौरान सहायक विकास अधिकारी मैनुद्दीन सिद्दीकी, रोजगार सेवक अखिलेश कुमार , बी टी रजनीश कुमार, बीटी अखिलेश कुमार चंद्रकला लक्ष्मीवती, ममता देवी, रीना देवी ,सोना देवी, शांति देवी, पूनम, विद्या देवी, माया, राजमती, सरोज, इंद्रावती रहमतुल्ला आदि सभी ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में हिंदी चेतना मास का समापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में 13 अक्टूबर शुक्रवार को हिंदी चेतना मास के समापन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कन्द गुप्त, खंड शिक्षाधिकारी, वाराणसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में संस्थान के निदेशक डॉ तुषार कान्ति बेहेरा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान में राजभाषा सम्बंधित गतिविधियों पर प्रकाश डाला उनके अनुसार संस्थान की राजभाषा कार्यान्वन समिति कार्यालयीय गतिविधिओं में हिंदी के प्रगामी एवं प्रभावी प्रयोग के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ डी.आर.भारद्वाज ने हिंदी चेतना मास में आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण दिया हिंदी चेतना मास के दौरान वाराणसी के विभिन्न विद्यालयों में वाद- विवाद, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर वर्षपर्यंत हिन्दी में अधिकतम कार्य करने हेतु अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया गया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ आत्मानंद त्रिपाठी को प्रथम पुरस्कार, कुशल सहायक कर्मचारी शिवाजी मिश्र को द्वितीय पुरस्कार, प्रधान वैज्ञानिक डॉ राकेश कुमार दुबे को तृतीय पुरस्कार एवं डॉ विद्यासागर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि स्कन्द गुप्त ने संस्थान की राजभाषा सम्बंधित कार्यो की सराहना की तथा सभी को अपने दैनिक जीवन शैली में राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि भारत भाषिक विविधिता का देश रहा है तथा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषिक विविधिता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिंदी है उन्होंने विभिन्न भाषाओँ को सिखने के लिए मोबाइल ऐप रीड अलोंग, डुओ लिंगो के बारे में भी जानकारी दी` इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, शोध अध्येता, यंग प्रोफेशनल एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामेश्वर सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ इन्दीवर प्रसाद ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडल और पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



प्रखर पाली, सहजनवां। ग्राम पंचायत मिनवा में स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पिछले सप्ताह खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें से विजेता और उपविजेता टीम को ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल द्वारा मेडल और पुरस्कार स्वरूप काफी और पेन का वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने बच्चों ने के प्रतिभा को काफी सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की मनोकामना की। पुरस्कार विजेता पियूष, महेंद्र, बेबी, सविता, दीपू के साथ कई लोग रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेन्द्र चौबे, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, गंगाशरण, अरविंद, करुणेश, साजिया, कनक, सुमन, प्रियंका, संगीता, संतोषी के साथ सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

### 155330 डायल करें और घर बैठे पाएं मैकेनिक से लेकर हर जरूरी सेवाए

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से नागरिक कई तरह की सेवाएं जैसे इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज, सैलून, नर्सिग, पेंटर, टूर्स एण्ड ट्रेवल्स, मोबाइल रिपेयर, लाउन्ड्री आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते है। साथ ही सेवा प्रदाता फर्मस एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इन सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या ट्रोल फ्री काल सेंटर नम्बर 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। सेवामित्र व्यवस्था के अन्तर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलंबन के अवसर प्राप्त हो रहा है। साथ ही इसमें डे वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे है। यह व्यवस्था पेशेवरो को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने और नागरिकों को उचित कीमत पर सत्यापित सेवाए प्रदान कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के अनुरूप है।

### जिले 31 विद्यालय लैब स्कूल के रूप में चयनित : शुक्ल



प्रखर वाराणसी। डायट से डीएलएड करने वाले 200 प्रशिक्षुओं को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में बेसलाइन एसेसमेंट, अभिमुखीकरण, निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करेंगे। इसके लिए उनकी विद्यालय वार ड्यूटी लगाई है। उक्त जानकारी देते हुए डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल ने दी। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय सारनाथ एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय सारनाथ में डीएलएड प्रशिक्षुओं के दक्षता संवर्द्धन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से डायट प्रवक्ताओं ने भी अनुश्रवण किया। अनुश्रवण के विशेष उद्देश्य पर विचार व्यक्त करते हुए डायट प्रवक्ता हरगोविंद पुरी ने कहा कि लैब स्कूलों में प्रति सप्ताह विजिट किये जाने की योजना बनाई गई है। लैब स्कूलों में डायट प्रशिक्षुओं के विजिट का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को परिषदीय विद्यालयों के पुस्तकालय, खेल आधारित गतिविधियों, दक्षता संवर्धन, कौशल विकास, प्रबंधन समिति के विभिन्न बैठकों तथा विद्यालय में चल रही विविध योजनाओं के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस अवसर पर नीलिमा राय, शालिनी उपाध्याय, नगमा परवीन, अरविन्द सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### "मिशन शक्ति/शक्ति दीदी" अभियान के तहत किया जा रहा प्रचार प्रसार

चंदौली। उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे "मिशन शक्ति/शक्ति दीदी" अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चन्दौली पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी( शक्ति दीदी) द्वारा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु गांव-गांव/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि स्थनों पर चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### पुत्र के जन्मदिन पर पूर्व प्रधान ने किया पौधरोपण

चहनियां। चंदौली। विजयी के पूरा गांव में पूर्व प्रधान लीलावती देवी ने अपने पुत्र विनीत चौधरी के 18 वे जन्मदिन पर गांव में पौधरोपण किया। जहां आम,अमरूद सहित कई पौधों का लगाया गया। वही गरीबो को दान दिया। इस दौरान पूर्व प्रधान लीलावती देवी ने कहा कि पौधों के बिना जीवन अधूरा है। लोग जन्मदिन पर पार्टी करते है। रुपये खर्च करते है किंतु हम अपने पुत्र के जन्मदिन पर बृक्षों को लगाया है। ताकि ये पौधे बड़े होकर हमलोगों को ऑक्सीजन दे। ये पौधे बड़े होकर गांव की वातावरण को शुद्ध करेगा। उन्होंने लोगो से अपील किया कि हर लोग किसी के भी जन्मदिन पर पौधरोपण करें। जिससे ये वातावरण को संतुलित रख सके । इस दौरान डॉ0 दीपक चौधरी,रमेश कुमार,नवनीत कुमार,सदानन्द चौधरी,बिहारी चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

### "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही

चंदौली। हेरोइन तस्करी करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध थाना चन्दौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 223/2000 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित, वैज्ञानिक विवेचना व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अल्पसमय में आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन में "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजक के प्रभावी पैरवी से मा0 न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद चन्दौली द्वारा गुरूवार को आरोपी बुद्धू उर्फ बुद्धिराम पुत्र सुराहू हरिजन निवासी- केशवपुर, थाना चन्दौली, जनपद चन्दौली को जेल में बिताई गई कारावास अवधि व 3000/रु के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को किया गया जागरुक

चकिया। चंदौली। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ( नावार्ड ) के वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत एवं बड़ौदा यूपी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय कार्यालय चंदौली द्वारा आयोजित वृहद वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को बैंक के आर एम प्रेम कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित बैंकों के माध्यम से दी जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर रुट्स फाउण्डेशन की ओर से सलमान जादूगर ने जादू प्रदर्शन करके केसीसी, अटल पेंशन योजना, फसल बीमा योजना के बारे में ग्राहकों व समूह की महिलाओं को जानकारी दी गई। वहीं ग्राहकों व महिलाओं को संबोधित करते हुए बड़ौदा यूपी के आरएम ने बताया कि वित्तीय साक्षरता का उद्देश्य आम लोगों में वित्तीय जागरुकता लाने एवं और उन्हें धन प्रबंधन, बचत का महत्व, बैंकों में बचत रखने के लाभ, बैंको द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के साथ-साथ बैंक से ऋण लेने से होने वाले लाभ के विषय में शिक्षित करना है। वित्तीय साक्षरता का अर्थ यह है कि धन के सही ढ़ंग से उपयोग के समझने की क्षमता। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक में ग्राहक जाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन, शिक्षा ऋण, मुद्रा लोन, पशु पालन, व्यक्तिगत लोन, वाहन लोन, होम लोन का लाभ लें सकते हैं। योजनाओ का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आती है तो वे शाखा प्रबंधक से मिलकर निराकरण करा सकते हैं। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में औपचारिक, वित्तीय प्रक्षेत्र से उपलब्ध होने वाले विभिन्न वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के संदर्भ में लोगों को शिक्षित करना ही वित्तीय साक्षरता का प्रमुख लक्ष्य है। कभी भी किसी भी समय फोन पर किसी को भी ओटीपी या अन्य बैंकिंग संबंधित जानकारी न दें। वहीं डीडीएम नावार्ड तनुज कुमार सेन ने कहा कि वित्तीय शिक्षा से हमारे विचारों में बदलाव आयेगा। इस साक्षरता कार्यक्रम से आप बैंक व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी लेकर उसका लाभ लें सकते हैं। जब हमारा समाज आप सभी वित्तीय रुप से प्रशिक्षित होंगे तभी हमारा देश भी वित्तीय रुप से मजबूत हो जायेगा।

# केन्द्र सरकार के दूत राजू बाल्मिकी ने की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मा0 सदस्य ह्यह्यदिशाह्यह्य राज्य स्तरीय समिति उ0प्र0 ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार राजू बाल्मीकि आज जनपद गाजीपुर में पहुचकर लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह में केन्द्र व राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओ की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की जो योजनाए संचालित है उसको धरातल पर लाकर समाज के निचले पायदान पर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियो, पात्रो तक पहुचाया जाये। किसी भी अपात्रो को योजना मे शामिल न किया जाये। उन्होने समीक्षा के दौरान जिस विद्यालय में विद्युत कनेक्शन



नही हो पाया है वहां तत्काल विद्युत कनेक्शन कराया जाये। कृषि विभाग एवं अन्य विभाग की संचालित योजनाओ को गॉव-गॉव में चौपाल लगाकर कृषको एवं ग्रामीणाके को लाभान्वित किया जाये। सड़को को गढढा मुक्ति, पात्रो को आवास, शौचालय, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, एवं अन्य महत्तपूर्ण योजनाओ का शत-प्रतिशत लाभ दिये जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पी0डी0, डी0पी0आर0ओ0, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता पी0डब्लू डी0, तहसीलदार सदर, बी0एस0एस0 व, डूडा के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रों की मांगे पूरी नहीं हुई तो धरना की गति होगी तेज : आरती बिंद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कालेज के प्रांगण में छात्रों ने महाविद्यालय में हो रही समस्या को लेकर 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन हिटलरशाही रवैया छात्रों के साथ अपना रहा है और छात्रों कि समस्या दूर करना तो दूर धरना पर छात्रों से बातचीत भी करना उचित नहीं समझ रहे हैं। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुज भारती ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्य न तो समय से आते हैं और ना ही कोई भी छात्रों का काम समय से करते हैं केवल छात्रों को मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। वही छात्र नेत्री आरती बिन्द ने कहा कि हमारी मांगे सभी जायज है और महाविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द धरना पर आकर मांगे पूरी नहीं किया तो धरना प्रदर्शन को और तेज गति दिया जाएगा छात्र नेता आकाश चौधरी ने कहा जब तक सभी छात्रहित कि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश ले,अवैध वसूली बंद करें, फीस वृद्धि वापस लें, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना



और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, छात्रसंघ चुनाव कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, साइकिल स्टैंड फीस केवल स्टैंड में खड़ा करने वाले छात्रों का ले, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें,सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आए, सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्र नेता धीरज सिंह, अमृतांश बिन्द, ईश्वर यादव, निलेश बिन्द, विकास यादव, शैलेश यादव, धन्नजय कुशवाहा, कृष्णा नन्द शर्मा,सत्यम कुमार, राहुल कुमार, प्रिंस प्रजापति, जितेंद्र राय, रोहित मौर्य, शुभम शर्मा, रविकांत यादव, ओम प्रताप सिंह, शिवप्रकाश पाण्डेय, सुनील यादव,प्रशान्त कुमार बिन्द,छोटू,अनीष गौण, राहुल दूबे,अभिषेक वर्मा,प्रिंस सिंह,शुभम कुमार, अंकित यादव, अरूण प्रजापति, रणविजय प्रताप, अनिल कुमार,अमन राय,आकाश यादव,अनुज यादव, अविनाश यादव, प्रकाश राय, हिमांशु राय, अंकित तिवारी, सत्येन्द्र आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

### जमानियाँ पुलिस ने किया सेंधमारी सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानियाँ के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव मय हमराह कर्मचारी गण के कस्बा रेलवे स्टेशन जमानियाँ कंधा गौशाला के पीछे से समय करीब 05 बजे सुबह अभियुक्त छोटू उर्फ छोटक पुत्र रसूल निवासी ग्राम काशीराम आवास रेलवे स्टेशन जमानियाँ थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के पास से चोरी गयी सम्पत्ति बरामद कर अभियुक्त न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव चौकी प्रभारी अभईपुर थाना जमानियां, हेड कांस्टेबल अनिल पटेल थाना जमानियाँ, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र दूबे थाना जमानियाँ, कांस्टेबल प्रदीप कुमार थाना जमानियाँ, कांस्टेबल अरविन्द पाल थाना जमानियाँ गाजीपुर शामिल रहे।

# आप ने सांसद के रिहाई के लिए किया हवन पूजन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधान सभा के मंगारी - नेवादा में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के रिहाई व तानासाह सरकार को सदबुद्धि देने के लिये शुक्रवार को हवन पूजन किया गया। सुबह 11 बजे जुटे आम आदमी पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के साथियों के द्वारा हवन पूजन के साथ भाजपा व मोदी सरकार को तानाशाह बताया और कहाकि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका जबाब देंगी। आम जनता को मंहगाई और बेरोजगारी से निजात दिलाने के बजाय विरोध करने वाले में फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल में डाल रही है। इस दौरान आप के पप्पू सिंह, विजयनाथ पाण्डेय, अमित मिश्रा, मुलचंद कवि, उर्मिला पांडेय, पुष्पा देवी, प्रबल प्रताप सिंह, अमरनाथ वर्मा, राम चरन वर्मा, मुन्ना पटेल, अभिषेक पांडे, ओम पांडेय, ओम पांडेय समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

### पुलिस ने तीन पशु तस्करों के विरूद्ध की गई गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

चंदौली। पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में घटित हो रहे ऐसे अपराध जिनमें अपराधियों द्वारा नाजायज गैंग बनाकर अपराध किया जा रहा है। उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिए समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया है। निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चकिया चन्दौली रघुराज के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना चकिया द्वारा गोवंश/पशु तस्कर गिरोह के लीडर व उसके साथी के विरुद्ध की गई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई। गैंग लीडर रमजान पुत्र वजीर निवासी ग्राम बिसौराखुर्द थाना अदलहाट जनपद मिजार्पुर तथा सदस्य अभियुक्त मसरुल्ला पुत्र पन्नू निवासी ग्राम बेलावर थाना चकिया जनपद चन्दौली ,कल्लू पुत्र मंगरु निवासी ग्राम बिसौराखूर्द थाना अदलहाट जनपद मिजार्पुर का एक संगठित गोवंश तस्करों का आपराधिक गिरोह है। जो अन्तर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय होना पाया गया जिनके द्वारा अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक ,भौतिक एवम् अन्य दुनियाबी लाभ हेतु गोवंशों को वध के आशय से क्रूरता पूर्वक बांधकर तस्करी कर वाहन से परिवहन कर ले जाने के अपराध कारित किये जाते हैं तथा गोवंशों की बिक्री कर प्राप्त हुए धन से ही अपने तथा गिरोह के सदस्यों के आर्थिक भौतिक व दुनियाबी हितों की पूर्ति करते हुए जीवन निर्वहन करते हैं। इनके विरुद्ध थाना चकिया पर बुधवार को मु.अ.सं. 290/23 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

चहनियां। चंदौली। कांवर स्थित महड़ौरी देवी सिद्धपीठ मन्दिर परिसर में चल रहे लक्ष्मी नारायण चतुमार्सा महायज्ञ की तैयारी चल रही है। महायज्ञ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना को लेकर उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कांवर स्थित महालक्ष्मी मां महड़ौरी देवी सिद्धपीठ मन्दिर परिसर में महायज्ञ की तैयारी चल रही है। जो 24 से 28 अक्टूबर के बीच मे होगा। जिसमें आयोजको व अयोध्या के पीठाधीश्वर विद्या भास्कर जी महाराज द्वारा गोरखनाथ पीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश के कोने कोने से कई पीठाधीश्वरों व सन्तों को महायज्ञ में आने के लिए आमंत्रण दिये है। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ,पुलिस क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश राय व बलुआ थाना इंस्पेक्टर बिनोद कुमार मिश्रा ने हेलीपैड एवं सुरक्षा संबंधित इंतजाम का निरीक्षण किया तथा महडौरी देवी का दर्शन कर पीठाधीश्वर विद्या भास्कर जी महाराज व प्रधानपति गृजेश सिंह से मुलाकात करके उन्होंने यज्ञ से जुड़ी संबंधित जानकारी ली तथा आने वाले समस्त संतो तथा विद्वानों के बारे में जानकारी ली। आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण के समय क्षेत्र के तमाम भक्तजन मौजूद रहे हैं। इस दौरान प्रधानपति गृजेश सिंह, बच्चा प्रजापति, राम भजन पांडे, वीरेंद्र पांडे, वशिष्ठ सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल अनिल राम, श्रीनारायण यादव, अशोक सिंह, कौशल सिंह, बृजेश सिंह,काजू, पांडे राजू सिंह, अमित यादव, मनोहर यादव आदि उपस्थित रहे।





माता वैष्णो देवी में अब बेहद आरामदायक होगी यात्रा

## भीड़ प्रबंधन में मदद के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने करवाया है निर्माण

# नवरात्र में श्रद्धालुओं को समर्पित स्काईवॉक फ्लाईओवर

*माता वैष्णो देवी भक्तों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। भीड़ प्रबंधन में मदद के लिए माता वैष्णो देवी भवन में एक स्काईवॉक परियोजना का उद्घाटन हो गया है।*

एजेंसी ▶▶| कटरा

स्काईवॉक का निर्माण श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने करवाया है। जिसमें 15 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस नवरात्र में स्काईवॉक को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा स्काईवॉक फ्लाईओवर के प्रवेश द्वार पर करीब 60 फीट लंबी कृत्रिम गुफा का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि इस स्काईवॉक फ्लाईओवर में एंटर करते ही श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की गुफा का एहसास हो।

### स्काईवॉक में खास सुविधाएं

300 मीटर के स्काईवॉक पर प्रतिक्षा हाल भी है। जिसमें 200 श्रद्धालु बैठ कर आराम कर सकेंगे। स्काईवॉक में 100 मीटर दूरी पर आपातकाल निकास द्वार भी बनाए गए हैं। स्काईवॉक फ्लाईओवर में वुडन फ्लोर करने के साथ स्टेनलेस स्टील की दीवार बनाई गई है। इस परियोजना के तहत मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए भवन पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा और न ही किसी तरह की भगदड़ होगी।




खास खबर

### तीर्थयात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में पहली बार माता वैष्णो देवी पर केंद्रित कर्नाटक के प्रसिद्ध 'यक्षगान' थिएटर की प्रस्तुति होगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने यहां कहा कि गुफा मंदिर की सुचारू तीर्थयात्रा के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।*

### राष्ट्रपति मुर्मू ने किया स्काईवॉक और पार्वती भवन का उद्घाटन

कटरा/श्रीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित मंदिर में एक 'स्काईवॉक' और पुनर्निर्मित पार्वती भवन का उद्घाटन किया। जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मंदिर गये। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने मुर्मू को परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 200 मीटर का स्काईवॉक श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाएगा। स्काईवॉक बनने के बाद भवन तक जाने और दर्शन के बाद लौटने वालों के लिए रास्ता अलग-अलग हो गया है। इस परियोजना पर 9.89 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।

---

**खबर संक्षेप**

### अरुणाचल में होगा सात पुलों का निर्माण : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार का पूर्वोत्तर भारत के विकास पर पूरा फोकस है। इसी क्रम में केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश को बड़ी सौगात दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश में सात पुल परियोजनाओं के निर्माण को मंजूरी दी है। इन पुलों को 118.5 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर यह भी बताया कि इन पुलों का निर्माण सेतु बंधन योजना के तहत किया जाएगा।

### मानहानि मामलाः केजरीवाल और संजय सिंह को झटका



**नई दिल्ली।** गुजरात हाईकोर्ट से आप नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को करारा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री मानहानि मामले में दोनों आप नेताओं को जारी किए गए समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट अदालत ने आप नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को समन जारी किया था।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामला नवाब मलिक को राहत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। शीर्ष अदालत ने मनी लॉनड्रिंग के एक मामले में मलिक की अंतरिम जमानत गुरुवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। मलिक ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 13 जुलाई के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें उन्हें चिकित्सा के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट का कहना था कि उन्हें विशेष चिकित्सा सहायता मिल रही है।

### कर्नाटक को तमिलनाडु को रोज पानी देने का फरमान

**बेंगलुरू।** कावेरी वाटर रेगुलेशन कमेटी (सीडब्लूआरसी) ने कर्नाटक को फरमान दिया है कि 15 से 31 अक्टूबर के बीच तमिलनाडु को रोजाना 3 हजार क्यूसेक पानी की सप्लाई करे। 1 से 15 अक्टूबर के दौरान कर्नाटक को पानी का फ्लो मैनटेन करने के लिए भी कहा गया है। सीडब्लूआरसी चेयरमैन विनीत कुमार गुप्ता का कहना है कि बुधवार को हुई मीटिंग में सभी पहलुओं पर गौर किया गया। ये देखा गया कि कर्नाटक के पास कावेरी का कितना पानी है।

---

हमास चीफ सहित कई बड़े नेताओं का दोहा में ही ठिकाना

# हमास जैसे इस्लामी आतंकवादी गुटों की पनाहगाह कतर, डबल एजेंट की भूमिका

*आपको याद होगा बीजेपी नेता नुपूर शर्मा का नाम और उनका बयान जिसके चलते वो इस्लामी कट्टरपंथियों की नजर में आ गईं और उन्हें भूमिगत होना पड़ा था। कतर ही वह देश था जिसने सबसे पहले उनके बयान को इस्लामी वर्ल्ड के सामने रखा और अपना विरोध जताया था। कतर वह सफेदपोश देश है जिसे अपनी करतूतें नहीं दिखती, पर दूसरों के मामले में वह तुरंत एक्शन में आ जाता है। कतर एक डबल एजेंट की तरह काम करता है। एक तरफ इस्लामी गुटों की पनाहगाह है वहीं दूसरी तरफ वह इजराइल-हमास के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कतर आतंकवादी संगठनों की न केवल फंडिंग करता है, बल्कि अपने देश की जमीन पर मुख्यालय बनाकर काम करने की आजादी भी देता है। हमास को पैसे देने वाले देशों में कतर सबसे आगे रहा है। हमास ही नहीं कतर तालिबान को भी पैसा देता रहा है। अफगानिस्तान से जब तालिबान को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, कतर ने ही अपनी राजधानी दोहा में तालिबान को अपना ऑफिस खोलने की अनुमति दी थी। अल कायदा जैसे खूंखार आतंकवादी संगठन के साथ भी कतर के करीबी संबंध रहे हैं।

**खास बातें**

- कई आतंकवादी संगठनों की करता है फंडिंग
- यह वह सफेदपोश देश है जिसे अपनी करतूतें नहीं दिखतीं



कतर के अमीर थानी के साथ हमास का सरगना इस्माइल हानिये जिसे इजरायल में हमले के बाद जश्न मनाते देखा गया था।

**हमास के कई बड़े नेताओं का ठिकाना**

जिन लोगों ने वायरल हो रहे हमास के चेयरमैन इस्माइल हानिया का वह वीडियो देखा होगा जिसमें वह अलजजीरा टीवी पर इजरायल में आतंकी हमलों का लाइव प्रसारण देख रहा है, उन्हें यह भी जान लेना चाहिए कि जिस जगह पर यह प्रसारण देखा जा रहा है वह कतर की राजधानी दोहा का एक फ्लैट है। यूं ही नहीं कतर दुनिया में आतंकवादियों के लिए स्वर्ग बना हुआ है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान-सीरिया और गाजा तो केवल टूल हैं मास्टरमाइंड तो कतर है जो दुनिया भर में इस्लामी आतंकवादियों का आका बना हुआ है।

**हमास की खुले तौर पर करता रहा पैरवी**

इजरायल पर इतने बड़े और क्रूरतम हमले के बाद भी कतर के विदेश मंत्रालय के पास इजरायल को सांत्वना देने के लिए 2 शब्द नहीं थे। इसकी जगह उसे इजरायल द्वारा गाजा पट्टी में उठाए गए कठोर कदमों की चिंता थी।

### बिचौलिया बना कतर

हमास के हमलों के बाद कतर सबसे अधिक एक्शन में है। अरब वर्ल्ड में चौधरी बनने की कवायद में अब कतर इस कोशिश में है कि हमास और इजरायल के बीच मध्यस्थता करने का उसे मौका मिले। इजरायल की जेलों में करीब 36 फिलिस्तीन महिलाएं और बच्चे बंद हैं। जिनकी रिहाई की मांग फिलिस्तीन करता रहा है। अब हमास के पास भी भारी संख्या में इजरायली नागरिक और बच्चे बंधक के रूप में है। हमास ने इजरायल पर हमले के दौरान इन्हें बंधक बनाया था। रायटर ने जानकारी दी है कि कतर इजरायली अधिकारियों के संपर्क में है। कतर के विदेश मंत्रालय ने रॉयटर्स को कैदियों की अदला-बदली सहित हमास और इजरायली अधिकारियों के साथ मध्यस्थता वार्ता में शामिल होने की पुष्टि की है।

### अल जजीरा को देता है प्लेटफॉर्म

अल-जजीरा कतर का सबसे शक्तिशाली हथियार है। अल-जजीरा भारत सहित दुनिया में मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर हमेशा मुखर रहता है पर कतर की किसी बात के लिए अपना मुंह बंद रखता है। खुद को अरब दुनिया का पहला स्वतंत्र समाचार चैनल कहने वाला मीडिया संगठन अलजजीरा का मालिकाना हक कतर के अमीर के पास है। चैनल लगातार गाजा में हुए हमलों को तो दिखाता है पर इजरायल पर हुए वीभत्स हमलों को नजरअंदाज करता है।

---

*ईडी ने लगाए वीवो पर गंभीर आरोप*

# कर्मचारियों ने छुपाई जानकारी, गए कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन की स्मार्टफोन मेकर वीवो के लिए लगातार मुश्किलों का सिलसिला जारी है। अब वीवो के ऊपर कुछ और आरोप लगे हैं जिनमें वीजा संबंधित नियमों को तोड़ने जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। देश की वित्तीय अपराध एजेंसी ने वीवो और इसकी भारतीय कंपनी वीवो इंडिया के ऊपर आरोप लगाए हैं कि जब वीवो के एंप्लाइज से उनके वीजा और जम्मू-कश्मीर में संवेदनशील इलाकों में जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे छिपाया। एजेंसी का दावा है कि कम से कम 30 चीनी व्यक्तियों ने बिजनेस वीजा पर भारत में प्रवेश किया और अपने एंप्लॉयर का खुलासा किए बिना वीवो के लिए काम किया। वित्तीय अपराध एजेंसी एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने जानकारी दी है कि चीन की स्मार्टफोन मेकर वीवो और इसके भारतीय सहयोगियों ने वीजा मांगने के समय अपने एंप्लॉयमेंट को छुपाया और कुछ ने तो जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील हिमालियन रीजन का दौरा किया जिससे नियमों का उल्लंघन हुआ।




### 32 पेज की फाइलिंग में ईडी का खुलासा

एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने 32 पेज की फाइलिंग में खुलासा किया है कि कम से कम 30 चीनी व्यक्तियों ने बिजनेस वीजा पर भारत में एंट्री की थी और वीवो के एंप्लाइज के रूप में काम किया। हालांकि उनके एप्लीकेशन फॉर्म ने 'कभी खुलासा नहीं किया' कि वीवो कंपनी उनकी एंप्लॉयर थी।

### समुचित वीजा पेपर्स के बिना कार्य किया- ईडी

एजेंसी ने अपनी फाइलिंग में ये भी कहा कि वीवो ग्रुप कंपनी के कई एंप्लाइज ने भारत में समुचित वीजा पेपर्स के बिना कार्य किया। इसके जरिए उन्होंने अपने वीजा एप्लीकेशन्स में एंप्लॉयर को लेकर जानकारी छिपाई। इसके जरिए भारतीय दूतावास और चीन में मिशन के साथ धोखाधड़ी की। हालांकि चीन के वित्त मंत्रालय से रॉयटर्स ने जब इस बारे में स्पष्टीकरण लेने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं दिया गया।

---

*इसी गुरुद्वारे में हुई थी खालिस्तानी निज्जर की हत्या*

# कनाडा में लगाए गए मोदी जयशंकर 'वांटेड' के पोस्टर

**वैंकूवर।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद भारत-कनाडा के बीच राजनयिक तनाव छिड़ गया है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था। इस बीच कनाडा के सरे स्थित एक गुरुद्वारे पर भारत विरोधी पोस्टर लगाया गया है। इस पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को 'वांटेड' के रूप में दिखाया गया है।




### भारतीय दूतावास की बिल्डिंग पर भी चिपकाए गए थे पोस्टर

इससे पहले अगस्त 2023 में कनाडा के वैंकूवर में भारतीय दूतावास की बिल्डिंग पर भारत के राजनयिकों और काउंसुल जनरल की तस्वीरों के साथ पोस्टर चिपकाए गए थे। इस पोस्टर पर वांटेड लिखा था। पोस्टर में कनाडा में मारे गए SFJ प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भी जिक्र है।भारत विरोधी खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है।

### एसएफजे ने लगाए पोस्टर

सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय पुलिस इस घटनाक्रम पर नजर रख रही है और हस्तक्षेप नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि ये होर्डिंग गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (SFJ) द्वारा लगाए गए हैं। यह वह गुरुद्वारा है जहां खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी, जिसके चलते कनाडा और भारत के बीच चल रही राजनयिक खींचतान शुरू हो गई थी।

### फ्लाइंग फेस्टिवल का आगाज...



शिमला, हिमाचल प्रदेश में गुरुवार, 12 अक्टूबर से शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आगाज हो गया है। जुन्गा में उड़ान महोत्सव में भाग लेते हुए पैराग्लाइडर।

### पराली जलाने पर 116 किसानों पर तीन लाख जुर्माना

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में जिला प्रशासन ने फसल अवशेष (पराली) जलाने के आरोप में 116 किसानों पर करीब तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जिले के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने यह जानकारी दी। हरियाणा का धान का कटोरा माने जाने वाले कुरुक्षेत्र में खेतों में लगी आग पर उपग्रह की तस्वीरों के जरिए नजर रखी जा रही है। राज्य के कृषि विभाग के अधिकारी पराली जलाने वाले किसानों पर भी नजर रख रहे हैं। शर्मा के मुताबिक चालू सीजन के दौरान 130 स्थानों से पराली जलाने की जानकारी मिली है। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि इनमें से 118 जगहों पर आग लगने की जानकारी सही पाई गई।

---

कांग्रेस ने लगाया पवित्र जल पर 18% जीएसटी लगाने का आरोप

# गंगाजल पर जीएसटी...सुलगी सियासत की आग

*मोदी सरकार ने दी सफाई, सीबीआईसी ने किया खंडन*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गंगा नदी के पानी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के कांग्रेस के आरोप पर जवाब दिया है। इसमें कहा गया है कि देशभर में पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाला गंगाजल और पूजा सामग्री को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। 18/19 मई 2017 और 3 जून 2017 को पूजा सामग्री पर जीएसटी को लेकर जीएसटी काउंसिल की 14वीं और 15वीं बैठक में विस्तृत चर्चा की गई थी। तब इसे स्लैब से बाहर रखने का फैसला किया गया था। इसलिए पूजा में शामिल सभी सामान को जीएसटी से बाहर की रखा गया है। बता दें कि कांग्रेस ने गुरुवार को गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का आरोप लगाते हुए मोदी सरकार की आलोचना की और इसे लूट और पाखंड की पराकाष्ठा बताया था।




**खड़गे ने कहा था- पाखंड की पराकाष्ठा :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, "मोदी जी, एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक मोक्षदायिनी मां गंगा का महत्व बहुत ज्यादा है। अच्छी बात है की आप आज उत्तराखंड में हैं, पर आपकी सरकार ने तो पवित्र गंगाजल पर ही 18% जीएसटी लगा दिया है। एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घरों में गंगाजल मंगवाते हैं, उनपर इस का बोझ क्या होगा। यही आपकी सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।

**अमित मालवीय ने कांग्रेस पर किया पलटवार :** बीजेपी के आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने इस विवाद पर कहा, कांग्रेस द्वारा यह गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया दुष्प्रचार है। 'चुनावी हिंदू' पार्टी ने दशकों से हिंदुओं के लिए कोई समर्थन नहीं दिखाया है। आप सहित कई कांग्रेस सांसदों और विधायकों ने सनातन धर्म को कमजोर करने के आह्वान का समर्थन किया। यह शर्मनाक है कि कांग्रेस अब हिंदुओं के लिए चिंता का दिखावा करती है और गलत सूचना और आधा सच फैलाने का सहारा लेती है।

### सीबीआईसी ने गंगाजल पर साफ की स्थिति

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 'गंगाजल' को जीएसटी से छूट दी गई है। सीबीआईसी ने कहा है कि देश भर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है और इस पूजा सामग्री को जीएसटी के तहत छूट दी गई है। 18-19 मई 2017 और 3 जून 2017 को हुई जीएसटी परिषद की क्रमशः 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए, जीएसटी लागू होने के बाद से ही इन सभी वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है।

---

*लगातार बदल रहा युद्ध का तरीका*

# नौसेना प्रमुख ने दिया फोर आइज का मंत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर आतंकवाद विरोधी सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि वह फोर आइज यानी खुफिया, नवाचार, एकीकरण और अंतरएजेंसी समन्वय पर जोर देते हैं। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड एनएसजी के महानिदेशक एमए गणपति ने कहा कि हमें हर समय तैयारी बनाए रखने की जरूरत है। एमए गणपति ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के लिए अपनी तैयारी बनाए रखने की जरूरत है। इस सेमिनार के माध्यम से, हम ऐसे परिदृश्यों पर भी चर्चा करेंगे और एक एसओपी बनाएंगे। वहीं, हरि कुमार ने कहा कि किसी भी खतरे के खिलाफ लड़ने के लिए सबसे पहले सटीक खुफिया जानकारी होना जरूरी है। भारत, हाल के वर्षों में, खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और उसका उपयोग करने में अधिक कुशल हो गया है। भारतीय नौसेना के लिए जी-सैट 7 एक ऐसा ही उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### पवन परियोजना का ठेका



नई दिल्ली। एनविजन एनर्जी को जेएसडब्ल्यू एनर्जी से 653.4 मेगावाट की पवन परियोजना का ठेका मिला है। एनविजन एनर्जी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, इस परियोजना के 2024 के अंत तक चरणबद्ध तरीके से शुरू होने और स्वच्छ ऊर्जा की 2,200 गीगावाट (जीडब्ल्यूएच) इकाइयों का उत्पादन करने की उम्मीद है। यह भारत के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान देगी। कंपनी ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एनर्जी के साथ साझेदारी कर्नाटक और महाराष्ट्र में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जियोमार्ट का 'जियोउत्सव'

नई दिल्ली। ई-मार्केटप्लेस जियोमार्ट ने फेस्टिवल सेल 'जियोउत्सव सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया' की शुरुआत 8 अक्टूबर से कर दी है। सेल में ग्राहक जियोमार्ट पर सभी केटेगरी में 50% से 80% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइल, ब्यूटी, किराना और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित सभी केटेगरी में उत्पादों एक बड़ी रेंज की पेश की गई है। जिस पर हर घंटे फ़्लैश डील व फेस्टिवल डिस्काउंट का फायदा दिया जा रहा है। इसके अलावा 48 घंटों के भीतर मुफ्त इंस्टॉलेशन, 12 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई व मुफ्त डिलीवरी सुविधा भी है। ग्राहक, स्मार्टफोन पर 15,000 रुपए तक के एक्सचेंज बेनिफिट का लाभ भी उठा सकते हैं।

### प्लाजा वायर्स सूचीबद्ध

नई दिल्ली। प्लाजा वायर्स ने शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की और उसके शेयर 54 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 53 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 53.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84 रुपये पर शुरुआत की। एनएसई पर उसने 40.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में वह 5.53 प्रतिशत बढ़कर 80.20 रुपये पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 351.02 करोड़ रुपये रहा।

### जेटीएल का मुनाफा बढ़ा

नई दिल्ली। जेटीएल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 34.1% बढ़कर 27.91 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा 20.80 करोड़ रुपये रहा था। जेटीएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जुलाई-सितम्बर अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 505.12 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 366.99 करोड़ रुपये थी। जेटीएल प्रति वर्ष छह लाख मीट्रिक टन से अधिक की उत्पादन क्षमता के साथ विद्युत प्रतिरोध वेल्डेड स्टील पाइप का अग्रणी उत्पादक है।

### बैगज़ोन ने पूंजी जुटाई

मुंबई। बैगज़ोन लाइफस्टाइल्स ने फर्स्ट ब्रिज इंडिया ग्रोथ फंड से 90 लाख अमेरिकी डॉलर (75 करोड़ रुपये) जुटाने की घोषणा की है। लावी की मूल कंपनी ने कहा कि वह अपनी ऑफलाइन उपस्थिति का विस्तार करने के लिए 1.50 लाख वर्ग फुट की विनिर्माण सुविधा स्थापित करने और 300 विशेष ब्रांड आउटलेट खोलने की योजना बना रही है। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विस्तार से 1,000 नौकरियों का सृजन होगा और कंपनी टियर-2 व टियर-3 शहरों के बाजारों में प्रवेश करेगी।

### इचनोस ने किया करार

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मा की पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा इचनोस साइंसेज ने सूजन तथा प्रतिरक्षा रोगों के वास्ते इस्तेमाल की जाने वाली उसकी ओएक्स40 के लिए एस्ट्रिया थेरेप्यूटिक्स के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए है। समझौते के तहत उसे 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा शेयर बाजार को दी जानकारी में इचनोस साइंसेज ने कहा कि इस समझौते के निष्पादन के साथ इचनोस ने सूजन और प्रतिरक्षा संबंधी बीमारियों के लिए अपनी दो दवाओं का लाइसेंस दिया है।

# रिजर्व बैंक बढ़ा रहा है तकनीक का इस्तेमाल

**■ विश्व व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका को बैंक ने पहचाना**

**बेंगलुरु (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी.आर. शंकर ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विश्व व्यवस्था के निर्माण में प्रौद्योगिकी की भूमिका को पहचानते हुए केंद्रीय बैंक इसका इस्तेमाल वित्तीय प्रणालियों को कुशल बनाने तथा जनता को प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग से बचाने के लिए कर रहा है। शंकर ने बुधवार को दूसरे वैश्विक हैकथॉन 'हार्बिंगर-2023 - इनोवेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' के समापन के मौके पर कहा कि मानव गतिविधियों पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इसमें रुचि बढ़ी।



उन्होंने कहा, 'इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक तथा सभी केंद्रीय बैंक, सरकारें व अन्य प्राधिकरण अचानक प्रौद्योगिकी में रुचि और भागीदारी क्यों दिखा रहे हैं? आरबीआई हैकथॉन में क्यों शामिल है? यह ऐसी चीज नहीं है जिसकी हम पांच साल पहले कल्पना कर सकते थे।' शंकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसका जवाब प्रौद्योगिकी की प्रकृति या प्रभाव में निहित है। अब आप सभी जानते होंगे कि प्रौद्योगिकी मानवीय गतिविधियों को सुविधाजनक बनाती है, लेकिन यह केवल इतने तक सीमित नहीं है।' उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी दुनिया में आर्थिक व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था, राजनीतिक व्यवस्था बनाने में भी मदद करती है।

शंकर ने कहा, 'हम सभी फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) से परिचित हैं, जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में वित्तीय प्रणाली को बदल रहा है।' उन्होंने कहा कि इसलिए आरबीआई का मकसद खुद को प्रौद्योगिकियों में शामिल करना है.. जिसमें लोगों की वित्तीय भलाई तथा वित्तीय प्रणाली की दक्षता को बढाने के लिए नवाचार करना, पूर्वानुमान लगाना और सक्रिय रूप से प्रयास करना आदि शामिल है।

## 'डिजिटल बाजार विनियमित करने को बने मजबूत तंत्र'

**नई दिल्ली (भाषा)।**

राष्ट्रीय कम्पनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के चेयरमैन अशोक भूषण ने बृहस्पतिवार को कहा कि जटिल चुनौतियों से निपटने के वास्ते स्थिरता और प्रतिस्पर्धा को बढावा देने के लिए सही संतुलन बनाने में ब्रिक्स देशों के बीच प्रभावी सहयोग जरूरी है।

बाजार में स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल बाजारों को विनियमित करने के लिए मजबूत तंत्र की आवश्यकता है। भूषण ने दिल्ली में आठवें ब्रिक्स प्रतिस्पर्धा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जटिल चुनौतियों से निपटने के वास्ते स्थिरता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए सही संतुलन बनाने में ब्रिक्स देशों के बीच प्रभावी सहयोग जरूरी है।

# डेटा सेंटर को तीन साल में मिलेगा बड़ा निवेश

**■ इंटरनेट तक पहुंच बढ़ने से स्टोरेज सुविधा की मांग बढ़ी, इससे बढ़ेगी डेटा सेन्टर की मांग**

**मुंबई (भाषा)।**

इंटरनेट तक पहुंच में भारी उछाल आने के साथ स्टोरेज क्षमता के लिए बढ़ती मांग को देखते हुए अगले तीन साल में डेटा सेंटर में 10 अरब डॉलर का निवेश होने की संभावना है।

उद्योग मंडल सीआईआई और कोलियर्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को मुंबई में आयोजित सम्मेलन 'रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी' के दौरान जारी रिपोर्ट 'इंडिया डेटा सेंटरः एंटिरंग क्वांटम ग्रोथ फेज' में यह बात कही है।



रिपोर्ट में कहा गया, 'कोविड महामारी के बाद भारत के डेटा सेंटर बाजार में अच्छी वृद्धि हुई है। इसमें 2020 के बाद कुल सात अरब डॉलर का निवेश हुआ है। वैश्विक डेटा सेंटर संचालकों, रियल एस्टेट कंपनियों और निजी इक्विटी फंड ने यह निवेश किया।

रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2023 तक देश के सात प्रमुख शहरों- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में संयुक्त रूप से कुल डेटा सेंटर क्षमता 819 मेगावाट है। इसका कुल क्षेत्रफल 1.1 करोड़ वर्गफुट है।

कोलियर्स इंडिया ने कहा कि डेटा सेंटर के 2026 तक 2.3 करोड़ वर्गफुट को पार कर जाने की संभावना है। इससे डेटा सेंटर की कुल क्षमता 1,800 मेगावाट तक होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2023-26 के दौरान आगामी कुल आपूर्ति में लगभग आधा हिस्सा मुंबई में होगा।

# महंगाई घटी, औद्योगिक उत्पादन में हुई बढ़ोतरी

**■ खुदरा मुद्रास्फीति तीन महीनों के निचले स्तर 5.02 फीसद पर आई**

**■ सितम्बर-23 में 7.41% थी खुदरा मुद्रास्फीति ■ अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 10.3% बढ़ा**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

खाद्य वस्तुओं के दाम गिरने से सितम्बर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीनों के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत पर आ गई। खुदरा महंगाई पर लगाम लगने के बाद बाजार में मांग निकलने से अगस्त से औद्योगिक उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितम्बर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 5.02 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत थी। अगस्त, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 6.83 प्रतिशत रही थी। इस तरह खुदरा मुद्रास्फीति जून, 2023 के बाद सितम्बर में सबसे कम रही है। जून में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति दो महीने के अंतराल के बाद फिर से रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में आ गई है। रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का दायित्व मिला हुआ है।




आंकड़ों के मुताबिक, सितम्बर में खाद्य उत्पादों की कीमतें घटने से खाद्य मुद्रास्फीति 6.56 प्रतिशत पर आ गई जबकि अगस्त में यह 9.94 प्रतिशत रही थी। आरबीआई द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

उधर महंगाई दर नीचे आना शुरू होने के बाद अगस्त से ही विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत बढ़ गया। पिछले साल अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 0.7 प्रतिशत घटा था। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# वाहनों की खुदरा बिक्री 9% बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों के अभी तक के सर्वाधिक पंजीकरण के दम पर चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही (अप्रैल-सितम्बर) में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऑटो डीलरों के निकाय फाडा ने यह जानकारी दी। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-सितम्बर में वाहनों की बिक्री बढकर 1.10 करोड़ इकाई (1,10,79,116 इकाई) हो गई, जबकि 2022-23 वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह 1.01 करोड़ इकाई (1,01,79,072 इकाई) थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में वाहनों की बिक्री में लचीलापन रहा जिससे कुल खुदरा वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में सभी श्रेणियों में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें तिपहिया वाहनों के पंजीकरण में अधिकतम वृद्धि देखी गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 18,08,311 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 17,02,905 इकाई थी।

सिंघानिया ने कहा, 'इसमें न केवल सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई, बल्कि रिकार्ड खुदरा बिक्री भी देखी गई वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री 18,08,311 इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के 17,02,905 इकाई के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर गई।'

# इस्पात व सीमेंट उद्योग को बड़ी पूंजी की जरूरत

**■ शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य पाने को 47 लाख करोड़ का निवेश जरूरी**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

घरेलू इस्पात और सीमेंट उद्योग को शुद्ध शून्य लक्ष्य हासिल करने के लिए 47 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की आवश्यकता होगी। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।



भारत दुनिया में इस्पात और सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। ये दोनों ही उत्सर्जन-गहन उद्योग हैं जिन्हें कम करना मुश्किल है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत के मौजूदा इस्पात और सीमेंट संयंत्रों को शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए अतिरिक्त पूंजीगत व्यय में 47 लाख करोड़ रुपये (627 अरब अमेरिकी डॉलर) की आवश्यकता होगी।' रिपोर्ट में कहा गया कि इन दोनों क्षेत्रों को शुद्ध-शून्य का लक्ष्य हासिल करने के लिए अतिरिक्त परिचालन व्यय में हर साल एक लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणाभ घोष ने कहा, 'भारत के इस्पात और सीमेंट उद्योगों को डीकार्बोनाइजिंग करने से न केवल इसकी जलवायु महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी, बल्कि तेजी से स्थिरता-संचालित नियमों वाली दुनिया में इनके बाजार भविष्य के लिए तैयार होंगे।'

## श्रीलंका ने चीन के साथ बड़े ऋण समझौते की पुष्टि की

**कोलंबो (भाषा)।**

श्रीलंका की सरकार ने चीन के साथ अपने ऋणों के पुनर्गठन पर एक प्रारंभिक समझौता करने की पुष्टि की है। इसे नकदी संकट से जूझ रहे देश के आर्थिक सुधार में एक 'बड़े कदम' के तौर पर देखा जा रहा है।

वित्त मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका की सरकार को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वह चीन के निर्यात-आयात बैंक के साथ ऋण पुनर्गठन के प्रमुख सिद्धांतों और सांकेतिक शर्तों पर एक समझौते पर पहुंच गई है। श्रीलंका पर 46 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी ऋण है, जिसमें से करीब 52 प्रतिशत उसे चीन से मिला है।

# गंगाजल पर GST नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं लगता है। इससे पहले, कांग्रेस ने दावा किया था कि सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। सीबीआईसी ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर लिखा, 'देशभर में घरों में पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले गंगाजल और अन्य पूजा-सामग्री को जीएसटी से छूट दी गई है। जीएसटी लागू होने के बाद से ही से ये सभी वस्तुएं जीएसटी के दायरे से बाहर हैं।'

सीबीआईसी ने कहा कि पूजा सामग्री पर जीएसटी को लेकर जीएसटी परिषद की 18-19 मई, 2017 को हुई 14वीं और तीन जून, 2017 को हुई 15वीं बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद इन्हें दायरे से बाहर रखने का फैसला किया गया। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया है। उन्होंने इसे 'लूट और पाखंड की पराकाष्ठा' बताया है। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड दौरे का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मोदी जी, एक आम भारतीय के जन्म से लेकर उसकी जीवन के अंत तक मोक्षदायिनी मां गंगा का महत्त्व बहुत ज्यादा है। अच्छी बात है कि आप आज उत्तराखंड में है, पर आपकी सरकार ने तो पवित्र गंगाजल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घरों में गंगाजल मंगवाते है, उन पर कितना बोझ पड़ेगा।'

# डीएआरई ने 34,886 वर्ग फुट जगह खाली कराई

**नई दिल्ली (भाषा)।**

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) ने एक महीने के विशेष अभियान के पहले सप्ताह में 34,886 वर्ग फुट जगह खाली कराई और 10.35 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

यह अभियान दो अक्टूबर को शुरू किया गया था और 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान कुल 3326 विशेष अभियान चलाए जाएंगे जिसमें से अभी तक 690 अभियानों को अंजाम दिया जा चुका है। कृषि मंत्रालय के अधीन काम करने वाले डीएआरई ने अभियान के तहत समीक्षा करने के लिए 19,843 भौतिक फाइलों और 4,717 ई-फाइलों की पहचान की है।

डीएआरई के अनुसार इनमें से अभी तक 6,279 भौतिक फाइल की समीक्षा की जा चुकी है, जबकि 4,171 भौतिक फाइल को हटा दिया गया है। 4717 ई फाइल की भी समीक्षा की गई है और 1,465 को बंद करने के लिए चिन्हित किया गया है।' बयान में कहा गया, 'करीब 34,886 वर्ग फुट जगह खाली कराई गई है और 10,35,731 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है।' डीएआरई के सचिव हिमांशु पाठक ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का 31 अक्टूबर तक पूर्ण निपटान करने का निर्देश दिया है।

## सोने में 350 रुपए की तेजी, चांदी 200 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वैश्विक बाजारों से मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 350 रुपये चढ़कर 59,050 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में सकारात्मक कारोबार के बाद सोने की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हुई।' चांदी की कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में सोना तेजी के साथ 1,880 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी 22.15 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा चाय उद्योग

**■ बढ़ती उत्पादन लागत का कीमतों के साथ नहीं बन पा रहा है तालमेल : टी बोर्ड**

**कोलकाता (भाषा)।**

चाय बागान मालिकों के प्रमुख संगठन इंडियन टी एसोसिएशन (आईटीए) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उद्योग गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है और कीमतें बढती उत्पादन लागत के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रही हैं।



आईटीए ने अपने स्थिति पत्र 'चाय परिदृश्य 2023' में कहा कि पिछले दशक में चाय की कीमतें लगभग चार प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी हैं। इस दौरान कोयला और गैस जैसी महत्वपूर्ण चीजों की लागत नौ से 15 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी। स्थिति पत्र में कहा गया कि 2022 में चाय निर्यात में सुधार के कुछ संकेत दिखे और यह 23.1 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गया, लेकिन 2023 में जनवरी से जुलाई के बीच इसमें 26.1 लाख किलोग्राम की गिरावट आई।

उद्योग जगत ने उच्च निर्यात लागत को कम करने और निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने में सक्षम बनाने के लिए सरकार से उच्च गुणवत्ता वाली सीटीसी, 'ऑर्थोडॉक्स' और दार्जिलिंग चाय के निर्यात उत्पादों पर शुल्क या करों में छूट की प्रोत्साहन सीमा बढाने पर विचार करने का आग्रह किया है।

# बेंगलुरु और हैदराबाद में ज्यादा रहेगी नए आफिस स्पेस की डिमांड


**■ अगले 3 साल कुल मांग में 49% होगा इन शहरों का योगदान ■ इस दौरान उपलब्ध होगी 16.5 करोड़ वर्गफुट नई आफिस स्पेस**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश के सात प्रमुख शहरों में तीन साल के दौरान नए कार्यालय क्षेत्रों में सबसे अधिक 49 प्रतिशत का योगदान बेंगलुरु और हैदराबाद का होगा। इस दौरान दफ्तरों के लिए 16.5 करोड़ वर्ग फुट से अधिक नई जगह उपलब्ध होने का अनुमान है। सीबीआरई की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रियल एस्टेट के बारे में परामर्श देने वाली सीबीआरई साउथ एशिया ने बृहस्पतिवार को अपनी नई रिपोर्ट 'ऑफिस मिथ्स डिबंक्ड' जारी की। रिपोर्ट के अनुसार सात प्रमुख शहरों में कार्यालयों की उपलब्धता 2023-2025 के बीच 16.5 करोड़ वर्ग फुट से अधिक होने का अनुमान है।

यह 2020-2022 में 14.2 करोड़ वर्ग फुट था। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया व अफ्रीका के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमन मैगजीन, 'भारत में कार्यालय क्षेत्र में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। 2023-2025 में भारत के शीर्ष शहरों में दफ्तर के लिए तैयार जगह की उपलब्धता 16.5 करोड़ वर्ग फुट से अधिक होने का अनुमान है। यह कार्यालय क्षेत्र के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत है।'



उन्होंने कहा, 'अगले तीन साल यानी 2023 से 2025 के दौरान इस वृद्धि में 15-18 प्रतिशत की और तेजी आने की उम्मीद है। इसकी वजह मांग और कंपनियों की विस्तार योजनाएं हैं।'

कार्यालय क्षेत्र की उपलब्धता में बेंगलुरु और हैदराबाद हावी रहेंगे। 2023-2025 के बीच कुल कार्यालय क्षेत्र में बेंगलुरु का 29 प्रतिशत यानी 4.78 करोड़ वर्ग फुट और हैदराबाद का 20 प्रतिशत यानी 3.3 करोड़ वर्ग फुट योगदान होगा।

इसके बाद दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) का 17 प्रतिशत यानी 2.8 करोड़ वर्ग फुट, पुणे का 12 प्रतिशत यानी 1.98 करोड़ वर्ग फुट, चेन्नई का 11 प्रतिशत यानी 1.81 करोड़ वर्ग फुट, मुंबई का नौ प्रतिशत 1.48 करोड़ वर्ग फुट और कोलकाता का दो प्रतिशत यानी 33 लाख वर्ग फुट योगदान होगा।

## मोटे अनाज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की तैयारी में जुटा ओडिशा

**भुवनेश्वर (भाषा)।**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि राज्य को अगले दशक में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोटे अनाज को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने मोटे अनाज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा को उत्कृष्टता का केंद्र बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। ओडिशा सरकार यहां 10 और 11 नवंबर को मोटे अनाज पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। पटनायक ने कहा, 'यह सम्मेलन ओडिशा के आदिवासी समुदायों के मोटे अनाज से जुड़ी खाद्य संस्कृतियों को उजागर करेगा।'

■ 134 रन से जीता द.अफ्रीका ■ कंगारुओं की वर्ल्डकप में अब तक की सबसे बड़ी हार

# ऑस्ट्रेलिया फिर चारों खाने चित




**लखनऊ।** आईसीसी वनडे वर्ल्डकप में ऑस्ट्रेलिया को उसकी अब तक की सबसे बड़ी हार मिली है। टीम को लखनऊ में साउथ अफ्रीका ने 134 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इससे पहले साल 1983 में ऑस्ट्रेलिया को भारत ने 118 रन से हराया था।

इकाना स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 40.5 ओवर में 177 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीका से ओपनर क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, वहीं दूसरी पारी में कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। 109 रन की पारी खेलने के लिए डी कॉक को मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने लगातार दूसरे वर्ल्डकप मैच में शतक लगाया।

### वर्ल्डकप में कंगारुओं की लगातार दूसरी हार

ऑस्ट्रेलिया की यह वर्ल्डकप में लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले भारत के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका ने लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। टीम ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को 102 रन से हराया था। पॉइंट्स टेबल में 4 पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका पहले नंबर पर पहुंच गया है, जबकि कंगारू टीम 9वें नंबर पर पहुंच गई।

### गलत डिसीजन के शिकार हुए स्टोनिस

मार्कस स्टोनिस ऑस्ट्रेलिया के छठे विकेट के रूप में आउट हुए। कगिसो रबाडा की गेंद (18वें ओवर की तीसरी गेंद) लेग स्टंप को छोड़ते हुए निकल रही थी। स्टोनिस ने इस पर बल्ला लगाने की कोशिश की। जब गेंद बैट के पास से गुजर रही थी, तब हल्की-सी आवाज आई। साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर और अन्य प्लेयर्स ने कॉट बिहाइंड की अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने नॉट आउट करार दिया। इसके बाद रिव्यू लिया गया। रिव्यू में थर्ड अंपायर ने स्निको मीटर में आवाज आने के कारण स्टोनिस को आउट दे दिया। हालांकि बाद में फिर से रिप्ले देखने पर पता चला कि गेंद बैट से नहीं बल्कि स्टोनिस के ग्लव्स में लगी थी। जिस हाथ के ग्लव्स पर गेंद लगी थी, वह बॉल के संपर्क में आने के समय बैट पर नहीं था।

### स्कोर बोर्ड

| साउथ अफ्रीका | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो.मैक्सवेल | 109 | 106 | 8/5 |
| तेम्बा बवूमा कै.वॉर्नर बो.मैक्सवेल | 35 | 55 | 2/0 |
| रासी वान दर दुसें कै.सब. बो.ज़ैम्पा | 26 | 30 | 2/0 |
| एडन मारक्रम कै.हेज़लवुड बो.कमिंस | 56 | 44 | 7/1 |
| क्लासेन कै.इंग्लस बो.हेज़लवुड | 29 | 27 | 3/0 |
| डेविड मिलर बो.स्टार्क | 17 | 13 | 1/1 |
| मार्को यानसन कै.वॉर्नर बो.स्टार्क | 26 | 22 | 3/1 |
| कगिसो रबाडा नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |
| केशव महाराज नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 13, **कुल:** 50 ओवर में 311/7, **विकेट पतन:** 1-108, 2-158, 3-197, 4-263, 5-267, 6-310, 7-311, **गेंदबाज़ी:** मिचेल स्टार्क 9-1-53-2, जॉश हेज़लवुड 9-0-60-1, ग्लेन मैक्सवेल 10-1-34-2, पैट कमिंस 9-0-71-1, ऐडम ज़ैम्पा 10-0-70-1, मिचेल मार्श 1-0-6-0, मार्कस स्टॉयनिस 2-0-11-0.

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श कै.बवूमा बो.मार्को | 7 | 15 | 0/0 |
| वॉर्नर कै.वान दर दुसें बो.एनगिडी | 13 | 27 | 2/0 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो.रबाडा | 19 | 16 | 4/0 |
| लाबुशेन कै.बवूमा बो.महाराज | 46 | 74 | 3/0 |
| जॉश इंग्लस बो.रबाडा | 5 | 4 | 1/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल कै.एंड बो.महाराज | 3 | 17 | 0/0 |
| स्टॉयनिस कै.डिकॉक बो.रबाडा | 5 | 4 | 1/0 |
| मिचेल स्टार्क कै.डिकॉक बो.मार्को | 27 | 51 | 3/0 |
| पैट कमिंस कै.मिलर बो.शम्सी | 22 | 21 | 4/0 |
| ऐडम ज़ैम्पा नाबाद | 11 | 16 | 1/0 |
| जॉश हेज़लवुड कै.रबाडा बो.शम्सी | 2 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 17, **कुल:** 40.5 ओवर में 177 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-50, 4-56, 5-65, 6-70, 7-139, 8-143, 9-175, 10-177, **गेंदबाज़ी:** लुंगिसानी एनगिडी 8-2-18-1, मार्को यानसन 7-0-54-2, कगिसो रबाडा 8-1-33-3, केशव महाराज 10-0-30-2, तबरेज़ शम्सी 7.5-0-38-2.




### मस्ती: हिमाचली कलाकारों संग नीदरलैंड के खिलाड़ियों ने जमकर किया गद्दी नाटी नृत्य

**शिमला।** हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप का तीसरा मैच नीदरलैंड और साउथ अफ्रीका की टीम के बीच खेला जाना है। गुरुवार को विशेष विमान से नीदरलैंड की टीम कांगड़ा हवाई अड्डा पर पहुंची। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के अधिकारियों ने नीदरलैंड की टीम का हिमाचली पारंपरिक संस्कृति से स्वागत किया। उसके उपरांत इन खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक निजी होटल में पहुंचाया गया। होटल में कुछ देर आराम करने के बाद नीदरलैंड के खिलाड़ियों ने होटल में हिमाचली संस्कृति से रूबरू होते हुए प्रदेश की प्रसिद्ध गद्दी नाटी नृत्य स्थानीय हिमाचली कलाकारों के साथ किया। खिलाड़ियों ने एचपीसीए के अधिकारियों से हिमाचली संस्कृति को लेकर जानकारी भी हासिल की। नाटी लोकनृत्य हिमाचल प्रदेश की संस्कृति का एक प्रतिबिंब है। इस नृत्य समूह में पुरुष और महिला दोनों सम्मिलित होते हैं, जिसका नेतृत्व प्रायः चंवर पकड़े हुए एक पुरुष करता है। नृत्य समूह की पोशाक गद्दी या हिमाचली खानाबदोशों को दर्शाती है।

# न्यूजीलैंड की टक्कर आज बांग्लादेश से

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप-2023 का 11वां मैच 13 अक्टूबर को एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा। चेन्नई के इस मैदान पर भारत ने अपना पहला मैच खेला था, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। इस मैच से पहले न्यूजीलैंड ने अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड को हराया था।

वहीं बांग्लादेश की बात करें तो उसने अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया था। हालांकि अपने अगले मैच में उसे इंग्लैंड के हाथों 137 रन से हार मिली थी। इस मैच में भले ही न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी माना जा रहा हो, लेकिन चेन्नई की पिच जो स्पिनर्स के लिए मददगार मानी जाती है तो ऐसे में शाकिब अल हसन की टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। न्यूजीलैंड के लिए डेवॉन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी बल्लेबाजी की है। इन दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में सेंचुरी लगाई थीं। वहीं बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड के सामने बुरी तरह लड़खड़ा गई।

### हेड टु हेड

न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच अभी तक कुल 41 वनडे इंटरनेशनल मैच हुए हैं। इसमें से 30 बार न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। 10 बार बांग्लादेश जीता है। एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है।

### मौसम का हाल

तापमान अधिकतम 33 डिग्री सेल्सियस और 36 प्रतिशत बादल छाए रहेंगे।

## यूनिवर्स बॉस तो यूनिवर्स बॉस हैं...

### रोहित बोले- छक्के मारने के मामले में गेल से लेता हूं प्रेरणा



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वे छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते है। भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले में जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने उतरे तो वे क्रिस गेल के 553 छक्कों से सिर्फ दो छक्के पीछे थे। उन्होंने शुरुआती 31 गेंदों में ही तीन छक्के लगाकर क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मुकाबले को आठ विकेट से जीतने के बाद रोहित ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे इतने छक्के मारेंगे। वे छक्के मारने के मामले में गेल से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं अकेले इतने छक्के मार सकूंगा। हां, मैंने वर्षों से इस पर काम किया है और मैं इससे ख़ुश हूं। हालांकि मैं जिस तरह का इंसान हूं, इससे संतुष्ट नहीं रहूंगा और ऐसा करना जारी रखूंगा। यह मेरे लिए छोटी-छोटी ख़ुशियों का एक पल है। रोहित ने कहा, यूनिवर्स बॉस (गेल) तो यूनिवर्स बॉस हैं।

# आईओसी के 141वें सत्र का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

### 40 साल बाद भारत को मिली है इसकी मेजबानी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र का उद्घाटन करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्यों की इस महत्वपूर्ण बैठक में ओलंपिक खेलों के भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। भारत दूसरी बार और लगभग 40 वर्षों के अंतराल के बाद आईओसी के सत्र की मेजबानी कर रहा है। आखिरी बार आईओसी का 86वां सत्र 1983 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। भारत में आयोजित होने वाला आईओसी का 141वां सत्र वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने, खेलों में उत्कृष्टता का उत्सव मनाने और मैत्री, सम्मान एवं उत्कृष्टता के ओलंपिक के आदर्शों को आगे बढ़ाने के प्रति देश के समर्पण का प्रतीक है। यह सत्र खेलों से संबंधित विभिन्न हितधारकों के बीच बातचीत और ज्ञान साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। इस सत्र में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख तथा आईओसी के अन्य सदस्यों के साथ-साथ भारतीय खेल जगत की प्रमुख हस्तियां और भारतीय ओलंपिक संघ सहित विभिन्न खेल महासंघों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

# आर्कटिक ओपन के क्वार्टर में पहुंचीं पीवी सिंधु

**वांटा, एजेंसी।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु गुरुवार को आर्कटिक ओपन-2023 बैडमिंटन के राउंड ऑफ में 16 के महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुक़ाबले में विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू को 21-11, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची। बैडमिंटन में 13वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने शुरुआती मिनटों में ही चीनी ताइपे के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली और अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए बैक-टू-बैक प्वाइंट अपने नाम करते हुए 21-11 से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पीवी सिंधु आत्मविश्वास से लबरेज़ नज़र आईं और एकतरफा गेम में वेन ची सू को 21-10 से हराकर बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट का यह प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबला जीत लिया। वहीं दिन के अन्य मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अपने मुकाबले के लिए कोर्ट पर नज़र आएगी।

### पुरुष एकल में भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

आर्कटिक ओपन बैडमिंटन के पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में जर्मनी के मैक्स वीस्किरचेन के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद किदांबी श्रीकांत को विजेता घोषित किया गया। इसके साथ भारतीय शटलर राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए है। फिनलैंड के वांटा में आयोजित वीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में जर्मनी के बैडमिंटन खिलाड़ी वीस्किरचेन ने जब चोट के कारण मैच छोड़ा उस समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत 11-6 से आगे चल रहे थे।



### भारत करेगा एशियाई आर्म रेसलिंग की मेजबानी

**नई दिल्ली।** पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत को 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। यह घोषणा वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान की गई थी। इस कांग्रेस में अध्यक्ष प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया वर्तमान में इस चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए भारत के विभिन्न शहरों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष झंगियानी ने कहा, हम 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम इसे लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट यह शीर्ष एथलीटों को प्रतिस्पर्धा करने और भारत में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा।

# भोपाल में पहली बार मेनू का सेलिंग कैंप

### वन एमपी नेवल यूनिट एनसीसी की पहल

**भोपाल, खेल संवाददाता।** झीलों की नगरी भोपाल में 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी भोपाल द्वारा पहली बार मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट (मेनू) सेलिंग एक्सपीडिशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दस दिवसीय कैंप में एनसीसी के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ महानिदेशालय के चुनिंदा 60 कैडेट्स भाग ले रहे है। भोपाल के अपर लेक में 13 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलने वाले इस कैंप में कैडेट्स डीके व्हेलर बोट से 220 किलो मीटर सेलिंग और पुलिंग करेंगे। साथ ही शहर के कई हिस्सों में कैडेट्स द्वारा अनेक सामाजिक कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, स्वैच्छिक दान, पुनीत सागर अभियान, नुक्कड़ नाटक, यातायात जागरुकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अयोजन किया जाएगा।

कैंप से पहले हुई प्रेस वार्ता में मेनू सेलिंग एक्सपीडिशन कैम्प के कमान्डेंट लेफ्टिनेंट कमांडर श्रीकांत गर्ग ने बताया की यह सेलिंग एक्सपीडिशन कैंप भोपाल में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। यह कैम्प रिपब्लिक-डे बैनर के अंतर्गत आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य कैडेट्स में वाटर बॉर्न एक्टिविटीज तथा साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। साथ ही कैडेट्स इस कैंप के दौरान अनेक जागरुकता अभियानों के द्वारा आमजन को जागरूक भी करेंगे।



# प्राइड फॉर प्रिजन चेस के फाइनल में पहुंचा भोपाल



**भोपाल, खेल संवाददाता।** फीडे एवं ऑल इंडिया चेस फेडरेशन की ओर से आयोजित इंडियन ऑयल प्राइड फॉर प्रिजन इंटरनेशनल चेस चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे है। ये सभी खिलाड़ी बाल संप्रेषण ग्रह से ही टूर्नामेंट खेल रहे है। गुरुवार को हुए 6 मैचों में इंडिया यूथ 2 भोपाल की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पूरे 6 मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के आर्बिटर विक्रम सिंह तोमर ने बताया कि इंडिया यूथ 2 टीम ने ईरान, मंगोलिया एवं यूक्रेन की टीम को हराया। आर्बिटर ने साथ ही यह भी बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सभी के बीच चेस को पहुंचाना है। साथ ही बाल संप्रेषण ग्रह के बच्चों को खेल का अच्छा माहौल प्रदान करना है। टीम के कोच रवि पलसुले ने शानदार खेल के लिए सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। इस अवसर पर बाल संप्रेषण ग्रह की ओर से भी अधिकारीगण श्रुति जैन, डॉ. कृपा शंकर चौबे, डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी, मेखला श्रीवास्तव, राजेश कुशवाह मौजूद थे। वहीं इस दौरान डॉक्टर कृपा शंकर चौबे ने बच्चों को खेल की बारीकियां भी सिखाईं।

शिक्षा के क्षेत्र में

# नई राहें





## आईएएस बनने का ऐसा जुनून कि 3 साल के मासूम बेटे से हो गई थी दूर-अनु कुमारी

**क**हते हैं इंसान को कुछ हासिल करने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है। लेकिन अगर मंजिल पाने के लिए अपने जिगर के टुकड़े से दूर जान पड़े तो सोच कर भी दिल सिहर उठता है। लेकिन आज हम एक ऐसी ही IAS अफसर की कहानी बताने जा रहे हैं जिन्होंने अपनी मंजिल पाने के लिए अपने 3 साल के मासूम बेटे से पूरे 2 साल दूर रहना पड़ा था। लेकिन बेटे से दूर होने के गम व कुछ कर गुजरने की तमन्ना के बीच इस लड़की ने वो कर दिखाया था जो लोगों के लिए एक मिसाल बन गया। आज हम आपको UPSC के 2017 बैच में दूसरी रैंक हासिल करने वाली अनु कुमारी की।

**केरल में पोस्टिड हैं**

अनु कुमारी ने साल 2017 में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा पास की थी। हालांकि वे अपने पहले प्रयास में एक नंबर से IAS बनते-बनते रह गई थीं, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया। अनु इस समय केरल कैडर में हैं और केरल में ही पोस्टिड हैं। 18 नवंबर 1986 को जन्मीं अनु हरियाणा प्रदेश के सोनीपत जिले की रहने वाली हैं और जाट परिवार से हैं। पिता का नाम बलजीत सिंह, मां का नाम संतरो देवी है। अनु की एक छोटी बहन और 2 भाई हैं।

**नौकरी छोड़ UPSC क्रैक किया**

अनु ने शुरुआती शिक्षा शिवा शिक्षा सदन सोनपत से पूरी की। दिल्ली यूनिवर्सिटी से फिजिक्स में BSC (ऑनर्स) की। इसके बाद IMT नागपुर से फाइनेंस और मार्केटिंग में MBA की। इसके बाद अनु ने मुंबई में ICICI बैंक में नौकरी की, जहां लगभग 9 साल काम किया। 2012 में अनु का शादी बिजनेसमैन वरुण दहिया से हुई। शादी के बाद वह गुरुग्राम में रहीं। साल 2016 में नौकरी छोड़कर UPSC क्लीयर करने का फैसला लिया। करीब 10 साल बाद अनु ने एग्जाम की तैयारी शुरू की।

**बेटे को मां-बाप के पास छोड़ा**

2016 में ही अनु ने पहली बार UPSC एग्जाम दिया। उस समय फॉर्म बड़े भाई ने बिना बताए भर दिया था। उन दिनों अनु का बेटा सिर्फ 4 साल का था, लेकिन अनु ने 2017 में फिर से एग्जाम देने का फैसला लिया। इसके लिए अनु ने अपने बेटे को मां-बाप के पास भेज दिया। खुद मौसी के यहां चली गई, जहां करीब डेढ़ साल जी तोड़ मेहनत की। UPSC क्लीयर करने का जुनून ऐसा था कि वह अपनी ममता को भूल गई थी। वे एग्जाम पास करने की ठान चुकी थी, क्योंकि इससे उनका और बेटे का भविष्य संवरता।

**कोचिंग नहीं ली, टॉपिक बना प्रैक्टिस की**

UPSC क्रैक करने के बाद पहले इंटरव्यू में अनु ने बताया कि नौकरी में पैकेज अच्छा था, लेकिन लोगों के लिए कुछ करना चाहती थी, इसलिए प्रशासनिक सेवा में आने का फैसला लिया। कोई कोचिंग नहीं ली। खुद पढ़ाई करके मुकाम हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करना नहीं छोड़ा। काफी हद तक सेल्फ स्टडी की। BSC की थी तो कई सब्जेक्ट की नॉलेज थी। स्पेशल टॉपिक बनाकर अभ्यास किया। ऑनलाइन स्टडी भी की। नोट्स बनाए, इसलिए रिवीजन में भी मुश्किल नहीं हुई और टारगेट अचीव हो गया।

## स्टॉक मार्केट में भी बना सकते हैं शानदार करियर

**शे**यर मार्केट के तेजी से होते विस्तार ने इस क्षेत्र में करियर के नए अवसर पैदा किए हैं आजकर युवा शेयर मार्केट को जानने और समझने में लगे हैं, ताकि कम समय में अच्छा मुनाफा मिल सके। वहीं, कुछ लोग इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। अब ज्यादातर लोग इसमें बड़े लेवल पर इनवेस्ट करने लगे हैं। इस सेक्टर में बहुत ग्रोथ है। ऐसे में युवा अपना करियर बनाकर



अच्छी कमाई कर सकते हैं।

अगर आप 12वीं या ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद बेहतर करियर बनान चाहते हैं तो इस क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। यहां आपको शेयर मार्केट की पढ़ाई से संबंधित कुछ कोर्सेस के बारे में बता जानकारी दे रहे हैं। इनमें से किसी में भी दाखिला लेकर आप इस सेक्टर की बारीकियों को समझ पाएंगे, जो आगे चलकर आपको अपना बिजनेस या नौकरी में ग्रोथ करने में बेहद काम आएंगे।

**इस क्वालिफिकेशन के साथ करें डिप्लोमा कोर्स**

आप 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद शेयर मार्केट से जुड़े कोर्सेस कर सकते हैं। डिग्री से ज्यादा इस क्षेत्र में आपकी दिलचस्पी मायने रखती है। देश में कई निजी संस्थान ऐसे कोर्सेस कराते हैं। इस कोर्स में आपको शेयर बाजार से जुड़ी सभी बेसिक चीजें, इन्क्लूजन थ्योरी, प्रैक्टिकल, फंडामेंटल और टेक्नीकल जानकारी दी जाती है।

## आपकी मेहनत ही सफलता को दे सकती है नई उड़ान-पायलट मोहित तेवतिया

**आ**पको याद होगा कि स्पाइसजेट पायलट मोहित तेवतिया अपनी फ्लाइट अनाउंसमेंट के चलते जमकर सुर्खियों में बने हुए थे। तब उनकी अनाउंसमेंट ने लोगों का दिल जीत लिया था। एक बार फिर मोहित तेवतिया सोशल मीडिया पर छाये हुए हैं। इस बार कोई फ्लाइट अनाउंसमेंट नहीं बल्कि उन नौजवानों के लिए हैं जो इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। आइये जानते हैं करियर को लेकर युवाओं को क्या संदेश दे रहे हैं।

क्या आप जानते हैं? इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार इंडियन एविऐशन इंडस्ट्री दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री हैं। जिसने एयर होस्टेस / कैबिन क्रू प्रोफेशन में नौकरियों को कई गुना बढ़ा दिया हैं। मोहित तेवतिया के अनुसार एविऐशन इंडस्ट्री के सबसे अहम हिस्सा एयर होस्टेस / कैबिन क्रू के बारे में। इनका काम पैसेंजर के प्लेन में चढ़ने से लेकर प्लेन से उतरने तक की सारी अरेंजमेंट्स को देखना होता है। मतलब यह कि पैसेंजर के कंफर्ट से लेकर वेलफेयर और सेफ्टी के साथ प्लेन के टेक ऑफ करने से पहले की सारी इमरजेंसी अरेंजमेंट्स को चेक करना एयर होस्टेस / कैबिन क्रू की जॉब रिस्पॉन्सबिलिटी होती है। कैबिन क्रू में एयर होस्टेस और फ्लाइट स्टीवर्ड शामिल होते हैं।

**एलिजिबिलिटी**

मोहित तेवतिया ने कहा एयर होस्टेस के लिए अप्लाई करने वाली फीमेल उम्मीदवार की उम्र 16 से 26 साल होने चाहिए। इसके अलावा हाइट 5'2 फुट से कम नहीं होनी चाहिए। जॉब के लिए अप्लाई करते समय उम्मीदवार अनमैरिड होनी चाहिए।

**मेडिकली फिट**

अट्रैक्टिव पर्सनालिटी के साथ ही मेडिकली फिट भी होनी चाहिए। साथ ही उसके पास किसी भी स्ट्रीम मे 10+2 या एविऐशन में अंडरग्रेजुएट डिग्री होना जरुरी है। एयर होस्टेस के कोर्स सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री लेवल पर करवाए जाते हैं। जिसकी औसतन फीस 50,000 से 1,50,000 तक हो सकती है।

**इस तरह होगा सिलेक्शन** ट्रेनिंग के लिए उम्मीदवार ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट या एयरलाइंस में ओपनिंग होने पर अप्लाई कर सकते हैं। यहां सिलेक्शन के बाद उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग की जाती हैं। यहां चुने गए उम्मीदवार एयरलाइंस की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए एलिजिबल होते हैं। जहां उनकी आवाज, लैंग्वेज फ्लूएंसी, कम्युनिकेशन स्किल और पर्सनालिटी को परखा जाता है। इसमें चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के लिए एयरलाइन एयर होस्टेस ट्रेनिंग ऑफर करता हैं।

**सर्टिफिकेट या डिप्लोमा**

केबिन क्रू मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट या डिप्लोमा प्रोग्राम करने के बाद, एयर होस्टेस कई जॉब प्रोफाइलों जैसे - केबिन क्रू सीनियर फ्लाइट अटेंडेंट, ग्राउण्ड स्टाफ, ट्रेनर, क्रू शेड्युलर, क्रू मैनेजर पर काम कर सकती हैं।

**सैलरी**

*सैलरी की बात करें तो किसी भी केबिन क्रू की सैलरी बहुत सारे फैक्टर्स पर निर्भर करती है। इन सबके बावजूद इनकी औसतन सैलरी 4 लाख से 9 लाख रुपए सालाना होती है।*



## ये हैं टॉप क्षेत्र जहां मिल सकती हैं सर्वाधिक नौकरियां

**भा**रत की अर्थव्यवस्था में हाल ही में हुए बदलावों के कारण भारत विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। 3.5 ट्रिलियन जीडीपी के साथ इस समय विश्व की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में भारत का नाम आ गया है। इसी तरह ग्रोथ होती रही तो 2025 तक भारत 5 ट्रिलियन जीडीपी इकोनॉमी बन सकता है। भारत की इस तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था को ये 5 क्षेत्र फॉर्मा और हेल्थकेयर, टेलीकम्युनिकेशन, नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग, मीडिया इंटरटेंनमेंट और ई कॉमर्स गति दे रहे हैं। अगर आप भी इन सेक्टर्स में शामिल होकर कम समय में आकर्षक पैकेज वाली जॉब हासिल करना चाहते हैं तो तो अपने कड़ी मेहनत से अपना शानदार करिअर बना सकते हैं।

**ई कॉमर्स** - देश में ई कॉमर्स सेक्टर पिछले 2-3 वर्षों में सबसे तेज ग्रो किया है। फ्लिपकार्ट, अमेजन जैसी कंपनियां रातों रात करोड़ों रुपये का टर्नओवर करने लगीं हैं। इतना ही नहीं ई कॉमर्स सेक्टर की कंपनियां वार्षिक रूप से 15-20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर रहीं हैं। इसीलिए केंद्र सरकार भी डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया जैसे नवाचार लेकर आया है ताकि स्किल्ड युवाओं को इस जॉब ओरिएंटेड इंडस्ट्री का हिस्सा बनाने में मदद कर सके। लेकिन एक सर्वे के अनुसार 2022 में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को स्किल्ड होने की जरूरत थी। अगर आप भी इस सेक्टर में अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो सफलता के Digital Marketing Course की मदद ले सकते हैं।

**टेली कम्युनिकेशन** - ये सच है कि भारत में बीते 7 सालों में टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर ने रिकॉर्ड ग्रोथ की है। 2022 में 69 करोड़ लोगों ने इंटरनेट का इस्तेमाल किया है। हजारों कंपनियों ने मोबाइल लांच किए हैं। 2जी से आगे बढ़कर आज लोग 5जी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने लगे हैं। मौजूदा समय में ये इंडस्ट्री कई लाख



करोड़ की बन चुकी है। इस क्षेत्र में 40 लाख से ज्यादा नौकरियां क्रिएट हुई हैं।

**फॉर्मा और हेल्थकेयर** - देश में हेल्थकेयर सेक्टर में तेजी से सुधार हुये हैं लाखों लोगों के लिए नौकरियों का सृजन भी हुआ है। दवा क्षेत्र में हेल्थकेयर कर्मियों के साथ - साथ एचएआर, सेल्स, आईटी, ऑपरेशन्स सेक्टर में भी हजारों नौकरियां निकलीं हैं।

**नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ)** - केपीओ सेक्टर में देश हर महीने ग्रोथ कर रहा है। स्किल्ड वर्कफोर्स के बढ़ने से इस सेक्टर में तेजी से नौकरियां बढ़ी हैं। डाटा माइनिंग, टेक्निकल डाटा एक्सट्रैक्शन, डाटा मैनेजमेंट के क्षेत्र में लगातार नौकरियां निकल रहीं हैं। इस क्षेत्र में अनुभवी और फ्रेशर्स दोनों कैंडिडेट्स के लिए नौकरियां निकल रहीं हैं।

**मीडिया एंड इंटरटेनमेंट** - पीडब्ल्यूसी रिपोर्ट्स के अनुसार भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में वार्षिक रूप से 10.55 प्रतिशत का उछाल आ रहा है। इस इंडस्ट्री में आए लॉ रिफॉर्म्स की वजह से भी नौकरियों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही हजारों की संख्या में खुली वेबसाइट्स भी इस सेक्टर में लाखों लोगों को नौकरियां दे रहीं हैं।

## आचार संहिता लागू होने के बाद भी बनवा सकते हैं वोटर आईडी

**दे**श में चुनाव को निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम-शर्तें तय की हैं। इन्हीं नियमों को आचार संहिता कहते है। एक बार जब राज्य में संहिता लागू हो जाती है तो कई कार्यों पर बैन लग जाता है। ऐसे में आज हम बतायेंगे कि आचार संहिता लागू होने के बाद वोटर आईडी कार्ड बनवा सकते हैं या नहीं। इसके अलावा अपना नाम कैसे जुड़वा सकते हैं। आइये जानते हैं।

**5 राज्यों में होने हैं चुनाव**

इस साल 5 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में चुनाव आयोग ने वोटिंग लिस्ट जारी कर दी है। ऐसे में जिन्होंने वोटिंग लिस्ट में अब भी अपना नाम जुड़वाया नहीं है, वो ऑनलाइन या ऑफलाइन तरीके से लिस्ट में नाम ऐड करा सकते हैं. यह मौका आचार संहिता लागू होने के 10 दिन बाद तक होता है।

**ऑनलाइन Add करें लिस्ट में अपना नाम**

सबसे पहले वेबसाइट eci.nic.in पर जाएं.

यहां दिए ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन




ऑप्शन को चुनें। रजिस्ट्रेशन करने के लिए एक यूजर आईडी और पासवर्ड बनाएं।

पासपोर्ट साइज फोटो अपलोड करें।

एक्स्ट्रा डॉक्यूमेंट अपलोड करें, जैसे पता प्रमाण।

अगर आप ऑनलाइन डॉक्यूमेंट जमा करने में असमर्थ हैं, तो यह अनुरोध कर सकते हैं कि बूथ लेवल अधिकारी डॉक्यूमेंट लेने आपके घर आए, यह ऑप्शन दिया होता है।

***ऑफलाइन प्रोसेस***

*इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट से रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड करें या ERO ऑफिस से भी ले सकते हैं। जरूरी जानकारी के साथ फॉर्म भरें।*

*मांगे गए डॉक्यूमेंट्स की फोटोकॉपी उसके साथ अटैच कर दें। अपने निर्वाचन क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर या मतदाता केंद्र पर अब फॉर्म भेज दें। इसके बाद लॉगइन कर लें. अब ईपीआईसी नंबर के जरिए आप वोटिंग लिस्ट नाम का स्टेटस चेक कर सकते हैं।*



## इस तरह आप भी मिलिट्री स्कूल में दिला सकते हैं बच्चे को दाखिला

**स**भी माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे स्कूल में एडमिशन दिलाना चाहते हैं जहां वे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें और साथ ही ऐसा हुनर सीख सकें जिससे वे आगे चलकर बेहतर करियर का निर्माण कर सकें। इसके अलावा कुछ अविभावक ऐसे भी होते हैं जो अपने बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित करना चाहते हैं और उनको राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में एडमिशन दिलाना चाहते हैं तो आपको बता दें कि इसके लिए एक प्रॉसेस को फॉलो करना होता है। आप यहां से मिलिट्री स्कूल में एडमिशन लेने की पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**सामान्य नागरिकों के लिए केवल 30 फीसदी सीटें** आपको जानकारी के लिए बता दें कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में 70 प्रतिशत सीटें सेना में काम करने वाले या काम कर चुके सैनिकों के लिए आरक्षित होती हैं। इसके बाद बची हुई 30 प्रतिशत सीटों पर सामान्य नागरिकों के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है।

**एंट्रेस टेस्ट**

इन 30 प्रतिशत सीटों पर स्टूडेंट्स को प्रवेश एंट्रेस टेस्ट के माध्यम से दिया जाता है। एंट्रेस टेस्ट कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए दिया जाता है। कक्षा 11वीं में छात्रों को प्रवेश कक्षा 10वीं में किये गए प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है।

**आयु सीमा**

मिलिट्री स्कूल में प्रवेश के लिए आयु सीमा भी निर्धारित है। अगर आप अपने बच्चे को कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाना चाहते हैं तो उसकी उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा कक्षा 9 में एडमिशन दिलाने के समय छात्र की उम्र 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**शैक्षिक योग्यता**

अगर आप अपने बच्चे को 6th में दाखिला दिलाना चाहते हैं तो छात्र का कक्षा 5वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा 9वीं में प्रवेश के लिए स्टूडेंट का 8वीं उत्तीर्ण और 11वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## GENERAL KNOWLEDGE

-क्या आप जानते हैं कि भारत का नेशनल हैरिटेज पशु कौन सा है?

**उत्तर**- भारत का नेशनल हैरिटेज पशु हाथी है।

-बताएं किस फल को खाने से दांत साफ हो जाते हैं?

**उत्तर**- पपीते ही वो फल है, जिसे खाने से लोगों के दांत साफ हो जाते हैं।

- गरबा भारत के किस राज्य का सबसे प्रसिद्ध लोकनृत्य है?

**उत्तर**- दरअसल, गरबा भारत के गुजरात राज्य का सबसे प्रसिद्ध लोकनृत्य है।

- किस फल में सबसे ज्यादा पानी पाया जाता है?

**उत्तर**- नारियल में सबसे ज्यादा पाया जाता है।

- गाय का सबसे पसंदीदा रंग कौन सा है?

**उत्तर**- गाय का सबसे पसंदीदा रंग हरा है।

- दुनिया की सबसे ऊंची इमारत कौन सी है?

**उत्तर**- दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा है।

- कौन सा जीव है जो अपने जीभ से नहीं बल्कि अपने पैरों से स्वाद लेता है?

**उत्तर**- तितली जीभ से नहीं बल्कि अपने पैरों से स्वाद लेती है।

- बालों में क्या लगाने से डेंड्रफ खत्म हो जाता है?

**उत्तर**- बालों में दही लगाने से डेंड्रफ खत्म हो जाता है।

- बताएं आखिर दुनिया में ऐसी कौन सी नदी है, जिसका पानी हमेशा गर्म रहता है?

**उत्तर**- दरअसल, नील नदी ही वो नदी है, जिसका पानी हमेशा गर्म रहता है।

- क्या आप बता सकते हैं कि आखिर एक बिल्ली का जीवनकाल कितने वर्षों का होता है?

**उत्तर**- बता दें कि एक बिल्ली का जीवनकाल करीब 15 वर्षों का होता है।

- बताएं भारत का सबसे बड़ा पागल खाना कहां स्थित है?

**उत्तर**- आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भारत का सबसे बड़ा पागल खाना आगरा में स्थित है।

- खाली पेट नींबू और अदरक का पानी पीने से क्या होता है?

**उत्तर**- अदरक और नींबू इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है।

- काली चाय में नींबू मिलाकर पीने से क्या होता है?

**उत्तर**- चाय से ताजगी मिलती है। नींबू से विटामिन सी मिल जाता है।

- अदरक खाने से कौन सी बीमारी ठीक होती है?

**उत्तर**- अदरक पाचन से जुड़ी दिक्कतों जैसे कब्ज, पेट में गैस, एसिडिटी और उल्टी आने की दिक्कत से छुटकारा दिलाता है।

- बताएं आखिर किस जानवर की संख्या भारत में सबसे ज्यादा है?

**उत्तर**- भारत में मछलियों की संख्या सबसे ज्यादा है।

- किस पक्षी को रात के समय बिल्कुल भी दिखाई नहीं देता है?

**उत्तर**- वो पक्षी मुर्गा है, जिसे रात के समय बिल्कुल भी दिखाई नहीं देता है।

# फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना पर विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति द्वारा होटल प्रताप पैलेस कैंट वाराणसी में प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना पर विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता शालिनी यादव ने कहा कि यहां उपस्थित सभी महिला स्ट्रीट वेंडर्स हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और उनकी महत्वपूर्ण योगदान को नकारा नहीं जा सकता है महिला स्ट्रीट वेंडरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वे अपने दैनिक जीवन की लड़ाइयों का सामना करते हुए गलियों, चौराहों और बाजारों में अपने व्यापार को चलाती हैं इसके अलावा वे अपने परिवारों की आर्थिक सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती हैं। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता अजय सिंह बॉबी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि पर आयोजित इस संगोष्ठी के माध्यम से मैं बताना चाहूंगा की हम सभी हृदय से चाहते हैं कि आप अपने व्यापार को नये आयाम दें ताकि आप न केवल अपने व्यवसाय की सफलता पाएं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करें।

प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना का उपयोग करके हम साथ मिलकर एक सशक्त और समृद्ध भारत की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं आपका सफलता हमारी सफलता है और भारतीय जनता पार्टी सदैव आपके साथ हैं आपके सपनों को पूरा करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्वाचल महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सविता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से महिला पथ विक्रेताओं को हमारे समाज को समृद्धि और समाज में सामाजिक समानता की दिशा में कदम आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। महिला पथ विक्रेताओं के योगदान की सराहनीय होना चाहिए और हमें उनके साथ सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम का संचालन फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने किया व धन्यवाद ज्ञापन फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा ने किया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से नन्दनी त्रिपाठी, अनिता गुप्ता, गायत्री देवी गीता देवी,अर्चना चदवानी,मुन्नी यादव समेत सैकड़ों पटरी व्यवसायी उपस्थित थे।

## रियो पब और लाउंज का भव्य उद्घाटन सम्पन्न



प्रखर वाराणसी। कुबेर कंपलेक्स द्वितीय तल रियो पब और लाउंज का उद्घाटन मुख्य अतिथि बी एन आई सीनियर सपोर्ट डी .सी मिस्टर विवेक केसरी और सीनियर सपोर्ट डी. सी मिस्टर अंशु मेहरोत्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रिओ पब और लाउंज के डायरेक्टर सुलेखा सिंह ने बताया कि यह पूर्णतया वातानुकूलित है और साथ ही साथ इसमें समस्त आधुनिक सुविधाएं भी हैं। इस अवसर पर श्री रमाशंकर दास मिसेज मेघना सिंह, मिसेज सुलेखा सहित नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित थे जिसमे मुख्य रूप से रमाशंकर दस, प्रमोद शर्मा, अमित गुप्ता, सौरभ मिश्रा, रवि रस्तोगी, आयुष वर्मा, आशीष सिंह, वीरेन्द्र कुमार, उत्तम सेठ, सतीश चौरसिया, विकास राज, उत्कर्ष तिवारी, एकांश सिंह, आयुष सिंह, अमर मौर्य, हर्षिता जैसवाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं रोविंग विधा के नेशनल कोच राजेश यादव को किया सम्मानित



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कैम्प कार्यालय पर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं रोविंग विधा के नेशनल कोच राजेश यादव को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजेश यादव द्वारा हांगझाऊ चाइना एशियाड खेल में 05 मेडल जीतने एवं उनकी उपब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप जनपद के युवा खिलाड़ियों के यूथ आइकॉन हैं। इससे युवा खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा तथा खिलाड़ियों की उपलब्धि से उनका उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसे प्रतिभावान खिलाडियों को सम्मानित करते हुये गौरव की अनुभूति करता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में स्थित कांशीराम स्टेडियम के रोनोवेशन, स्वीमिंग पूल, इनडोर हाल, स्पोर्टस काम्पलेक्स के निर्माण हेतु कार्यवाही कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिये जल्दी स्टेडियम के निर्माण की कार्यवाही तथा गांव-गांव में खेल मैदान विकसित कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय, जिला क्रीडा अधिकारी दिलीप कुमार, स्पोर्टस एकेडमी कंचनपुर राकेश यादव, ओकारनाथ यादव, पहलवान जनार्दन यादव, सर्वेश, रमेश, मनीष चौहान, निहाल दूबे सहित तमाम खेल प्रेमी आदि उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय की फ्रेशर पार्टी में छात्राओं का धमाल, मिस फ्रेशर बनी अराधना सिंह




प्रखर वाराणसी। गौर गांव स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी 'उमंग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व उनकी पुत्री शौम्या सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जलन कर किया। बीएससी, बी.ए एवं बीकाम की छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी में खूब धूम मचायी। झुमका गिरा बरेली के बाजार में..., लौंग इलाइची..., निबुड़ा निबुड़ा... और घर आया परदेसिया... गाने पर छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाएं। फ्रेशर पार्टी में मौजूद छात्राओं ने सिटी और तालियों से सभागार को गूंजा दिया। मिस फ्रेशर का किताब बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अराधना सिंह को मिला। वही मिस इवनिंग का किताब बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना पांडेय, बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा सेजल जायसवाल व बीएससी की प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी सिंह को मिला।प्राचार्या डॉ. रिंकी सिंह ने कहां की छात्राओं को केवल किताबों तक ही सिमट कर नहीं रह जाना चाहिए। व्यवहारिक गुण भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अपनी संस्कृति एवं सभ्यता पर हमेशा गर्व करें। मंच संचालन छात्रा रेशमा विश्वकर्मा व जोया खान ने किया। प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. रीना गुप्ता, गौरव उपाध्याय, जितेंद्र नाथ सिंह, योगेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मुकेश यादव, अमृता सिंह, सपना पांडेय, वीरेंद्र, राज कुमार, राजेश, राकेश, रामजी सहित अन्य प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रही।

## वीर सपूतों की स्मृति में बनेगा उपवन : प्रदीप शुक्ला




प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। पाली विकास खंड कार्यालय पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ब्लॉक पाली के सभागार में गांव गांव से आयी हुई मिट्टी कलश संग्रह किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने कलश संग्रह कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि एकत्र हुई मिट्टी से वीर सपूतों को स्मृति में एक विशाल उपवन का निर्माण दिल्ली में होगा जिस पर हम सभी भारतीयों को इस पर गर्व है। विधायक ने स्वतंत्रता सैनानी शहीद परिजनों वं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष शिवचरन प्रसाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में वीडियो बृजेश यादव प्रधान संघ अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, नरेंद्र शुक्ला, रमेश मद्धेशिया, राजेश त्रिपाठी, इ रमेंद्र मिश्रा अखिलेश त्रिपाठी, ऐडियो धर्मेंद्र कुमार, सचिव हेमन्त सिंह, अजित शुक्ला, रुचिता मिश्रा, सुनैना सिंह, तमाम भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पितृ विसर्जन अवकाश घोषित करने की मांग डीएम से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई का प्रतिनिधिमंडल समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिला। प्रादेशिक मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि डीएम के निर्देश के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों का कहना था कि जिलाधिकारी ने अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई वार्ता नहीं हो सकी है। अध्यापकों व कर्मचारियों की अनेक समस्यायें, जिनमें वेतन, अवशेष धनराशि, प्रोन्नत वेतनमान व चयन वेतनमान, स्थानान्तरण की प्रक्रिया, नई पेंशन योजना में सरकार का 14 प्रतिशत अंशदान व अध्यापकों के वेतन से 10 प्रतिशत की धनराशि उनके प्रान खाते में नहीं भेजी जा रही है। आयोग से चयनित अध्यापकों के नियुक्ति आदि में जिला विद्यालय निरीक्षक व लेखाधिकारी कार्यालय के बाबूओं द्वारा धन वसूली की जा रही है। सुविधा शुल्क नहीं देने पर अध्यापकों का शोषण किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी शिक्षक प्रतिनिधियों का फोन भी रिसिव नहीं करते है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह पितृ विसर्जन अमावस्या के दिन हिन्दू समाज के लोग शास्त्र के अनुसार अपने पितरो को याद करते हुए श्राद्ध कार्यक्रम करते है। ऐसे अवसर पर पूर्व में परिषदीय विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों में विभाग द्वारा अवकाश घोषित किये जाते रहे है। विगत वर्ष विभाग द्वारा घोषित अवकाश तालिका में पितृ विसर्जन के अवसर पर अवकाश घोषित नहीं हो रहा है। तत्काल घोषित कराने की मांग की गई। उधर महावीर इंटर कालेज मलिकपुरा के चार शिक्षकों का वेतन भुगतान के आदेश के बावजूद जिविनि द्वारा अब तक नहीं किया जा रहा है। चार अध्यापकों का वेतन माह जुलाई व अगस्त का भुगतान अब तक नहीं हुआ। भुगतान न होने की स्थिति में शिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इंटर कॉलेज भुडकुंडा के शिक्षकों का भी भुगतान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रकाश चन्द्र दुबे, राणा प्रताप सिंह, सूर्य प्रकाश राय, कुंवर अविनाश गौतम, डा. रियाज अहमद, रत्नेश कुमार राय, अमित कुमार राय, विवेकानंद गिरी, अंजनी कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# सपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश सचिव कमलेश यादव जी का भव्य स्वागत पार्टी कार्यालय समता भवन पर किया और इस मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रजनीकांत यादव जी और उनके साथियों ने समाजवादी गीत के माध्यम से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कमलेश जी का स्वागत करते हुए कहा कि कमलेश जी के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का संगठन और मजबूत होगा। इनके कुशल नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को और मजबूती मिलेगी । उन्होंने भाजपा सरकार को सामाजिक न्याय विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों के हक और अधिकार पर डाका डाल रही है।उन्होने कहा कि यह सम्मान कराने का वक्त नहीं बल्कि यह संघर्ष करने का दौर है। उन्होंने कहा कि यह देश गंभीर राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देश के हुक्मरानों को लोकतंत्र पसन्द नहीं है। वह पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर उतरकर सम्पूर्ण विपक्ष को कुचलना चाहते हैं। उनकी इस नापाक इरादों के खिलाफ जमकर संघर्ष करना होगा अन्यथा न इस देश में लोकतंत्र बचेगा, न संविधान और न ही इस देश का धर्म निरपेक्ष स्वरुप। राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने स्वागत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के जिस रास्ते से आकर भाजपा आज देश पर हुकूमत कर रही है वह रास्ता दूसरों के लिए बंद कर देना चाहती है ।जिस तरह से सत्ता में बैठे लोग विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रहे हैं, उन्हें जेलों में डाल रहे हैं उनकी यह नापाक हरकत और अलोकतांत्रिक कार्यप्रणाली आपात काल की याद दिला रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और उसकी साम्प्रदायिक सोच और लगातार हो रहे आर्थिक घोटालों के चलते देशवासी खुन के आंसू रो रहे हैं। लेकिन यह सरकार जनता के बुनियादी सवालों पर न काम कर केवल फर्जी तौर पर जुवांन चला रही है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि घरों में बैठने से काम नहीं चलेगा बल्कि लोहिया, जयप्रकाश और मुलायम सिंह जी के रास्ते पर चलकर जनता के हक हकूक और इस देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों को मिलने वाले सामाजिक न्याय की रक्षा कराने के लिए सड़कों को गर्म कर इस देश की सत्ता से भाजपा की तानाशाही हुकूमत को हटाना होगा। अपने स्वागत से अभिभूत कमलेश यादव अपने स्वागत के लिए कार्यकताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा आज भाजपा सरकार पिछड़ों के हक पर डाका डालने का काम कर रही है। वह पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। हमें अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव हम सबके लिए चुनौती है। पिछड़ों के हक और अधिकार की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना जरूरी। उन्हों सभी पिछड़े समाज के लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया।

इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से , पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, पुर्व मंत्री सुधीर यादव, सदानंद यादव, हरेन्द्र विश्वकर्मा, आत्मा यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, मदन सिंह यादव, रमेश यादव, अमित ठाकुर, नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, जमुना यादव, अरविंद कुमार यादव, नरेन्द्र कुशवाहा, नगीना यादव, श्री राम यादव, रीता विश्वकर्मा, दिनेश यादव, पूजा गौतम, नफीसा बेगम , कमलेश यादव, रामप्रताप यादव, पंकज यादव, उपेन्द्र यादव, अभय यादव, बलिराम यादव, रामज्ञान यादव, शहनवाज खां सोनू, रीना यादव, कंचन रावत, दिनेश यादव,अल्का अग्रवाल, सुनीता यादव, शिवमुनि यादव, मनोज यादव, सिंहासन यादव, वंशबहादुर कुशवाहा, द्वारिका यादव , राजनाथ यादव, राधेश्याम यादव, अच्छेलाल कन्नौजिया, अरुण यादव, शिशु यादव, शिवकुमार यादव आदि उपस्थित थे। इस स्वागत कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राजेश यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुस्तक विमोचन एवं सह कवि गोष्ठी 22 अक्टूबर को

प्रखर गाजीपुर। विरनो थाना क्षेत्र के आजाद इ०का० रामपुर फत्तेपुर में आगामी 22अक्टूबर को कवि सूरज पाण्डेय 'सूरज' की पुस्तक विश्वामित्र का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर एक सरस काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। जिसमें डॉ० अक्षय पाण्डेय नव गीतकार (गाजीपुर) हरिनारायण यादव बेसुध (गाजीपुर) सुदर्शन कुशवाहा चिराग (गाजीपुर) विजय कुमार यादव मधुरेश (गाजीपुर), दूधनाथ भारती (गाजीपुर) श्रीमती कमलेश मिश्रा (गोरखपुर) दिनेश शर्मा (गाजीपुर) श्रीमती प्रीतम आदि नामचीन कविगण भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रबंध काव्यकार पं०कामेश्वर द्विवेदी होंगे। इसकी जानकारी कार्यक्रम के संयोजक सुरेश राय ने दी है।

### अगर आप का आयुष्मान कार्ड की पात्र सूची में नाम है तो आयुष्मान कार्ड बनने पर ही मिलेगा राशन

राहुल चौबे

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर वाराणसी हर पात्र को अगले एक माह में हर हाल मे आयुष्मान कार्ड मिल जाए? इस पर युद्धस्तर पर कार्य शुरू कराया गया है। इसके लिए एक जरूरी निर्णय लिया गया है कि वाराणसी के राशन कार्ड धारको को आयुष्मान पात्रता सूची में नाम होने पर कोटेदार उसको या तो तुरंत ऐप पर डाउनलोड कर आयुष्मान कार्ड देगे या फिर उन्हें पंचायत भवन पर जाने को कहा जाए जहा जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहेगा। आयुष्मान कार्ड बन जाने पर ही राशन दिया जाएगा। प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल सके, इसके लिए ब्लॉक स्तर पर सीएचसी के अधीक्षक, बीडीओ व सप्लाई इंस्पेक्टर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह अभियान को गति देंगे ही प्रतिदिन शाम को इसकी समीक्षा कर अपने विभागध्यक्षों के माध्यम से रिपोर्ट देंगे प्रत्येक पंचायत भवन को समय से खुलवाकर पंचायत सहायक की मदद से आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएं पंचायत भवन पर चिन्हित पात्र अपने कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे इसके लिए आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम संचारी रोग अभियान के साथ लोगों को पंचायत भवन तक ले जाने का कार्य करेंगे तीसरे कोटेदार खुद कोशिश करेंगे और सूत्रों की माने तो वाराणसी के चोलापुर ब्लॉक के अंदर पंचायत सहायकों की मदद न मिलने की सूचना भी मिल रही है पंचायत सहायकों का कहना है कि मुझे ब्लॉक से इतना काम मिला हुआ है कि हमारे पास टाइम नहीं है ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं।

### विजया राजे सिंधिया की पूर्ण तिथि पर नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा भाजपा महिला सशक्तिकरण का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला के मार्गदर्शन में नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह की अध्यक्षता में नगर पंचायत अध्यक्ष सहजनवा संजू सिंह के आवास पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित राजमाता सिंधिया के जयंती पर पुष्पांजलि अर्पण किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है मातृशक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। यहां पर पुलिस, शिक्षा ,चिकित्सा एवं प्राइवेट सेक्टर में अपनी सेवाएं दे रही तमाम महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित की गई महिलाओं में प्रियंका सिंह, सभासद ममता सिंह, विजयलक्ष्मी त्रिपाठी, प्रतिभा रावत ,नीलम सिंह ,शकुंतला सिंह ,किरण यादव ,आशा त्रिपाठी, प्रमिला सिंह, वंदना श्रीवास्तव ,अनिता पांडे, सरोज सिंह, स्टाफ नर्स कृति ,प्रेमलता आशा एवं उपस्थित महिलाओं को को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।उपस्थित महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी विधिवत दी गई। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह सभासद प्रियंका सिंह प्रधानाध्यापिका शकुंतला सिंह एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला सिपाही नर्स चिकित्सक आशा बहाने शिक्षिका एवं बड़ी संख्याओं में महिलाएं उपस्थित रही।

### पेड़ से लटकता मिला युवती का शव

प्रखर पाली, घघसरा। सहजनवां थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड जगदीशपुरम् के मोहल्ला जगदीशपुर (गाही) में बीते गुरुवार की देर रात लड़की का शव नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला है। उसकी पहचान मोहल्ला निवासी शालिनी 18 वर्ष पुत्री राजेश के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची घघसरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शालिनी का शव भूरे रंग की छींटदार साड़ी के फंदे से घर के पास नीम की पेड़ से लटका हुआ था। लोगों ने जब देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृत शालिनी दो भाई तथा इसे लेकर दो बहन थी, जिसमें यह सभी से बड़ी थी। उक्त संदर्भ में चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।घर वालों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### माँ इसराजी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत अमृत कलश पद यात्रा का आयोजन हुआ



प्रखर जौनपुर। माँ इसराजी देवी महाविद्यालय रईया गुलजरगंज जौनपुर राष्टीय सेवा योजना के तहत अमृत कलश पद यात्रा का आयोजन हुआ तथा इसमें समस्त स्वयम सेवक एवं सेविकाओं ने योगदान दिया तथा इनके निर्देशन में प्राचार्य गया प्रसाद वर्मा, श्री अरविंद यादव, राय साहब यादव, रत्न माली, शैलेश श्रीवास्तव, श्री गोविंद मौर्य,श्री शैलेश यादव, डॉ० अमित श्रीवास्तव डॉ० प्रशान्त यादव, डॉ० चंद्रकला तिवारी, श्याम बिहारी यादव, अनिल चौरसिया, सुरेश चौरसिया के सौजन्य से संपन्न हुआ है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं